वर्ष : 06 अंक : 256

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

रविवार 28 अप्रैल 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### हेलीकॉप्टर में फिसल जाने से ममता घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी को शनिवार को दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर के अंदर फिसलकर गिर जाने से मामूली चोटें आयीं। यह घटना तब हुई, जब सुश्री बनर्जी चुनाव प्रचार के वास्ते आसनसोल जाने के लिये हेलीकॉप्टर के अंदर गयीं। उनके सुरक्षाकर्मियों ने हालांकि उनकी मदद की। इस घटना के बाद भी, वह चुनावी सभा के लिये निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आसनसोल रवाना हुईं। आसनसोल पहुंचने पर उनका स्वागत तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा ने किया। गौरतलब है कि प्रसिद्ध अभिनेता एवं सांसद श्री सिन्हा आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### इक्वाडोर हेलीकॉप्टर दुर्घटना में आठ की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर की सेना के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच सैनिकों और तीन नागरिकों की मौत हो गयी। सशस्त्र बलों ने जानकारी दी।इक्वाडोर की सेना ने एक बयान में कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए मानवीय सहायता ले जा रहा हेलीकॉप्टर पास्ताजा प्रांत के तिविनो जिले में शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 09:36 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इक्वाडोर की सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति के तत्काल गठन के आदेश दिये हैं।

### जमात के पूर्व प्रवक्ता का पीएसए किया रद्द

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के एक पूर्व प्रवक्ता के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत निवारक हिरासत आदेश को अवैध और अनुचित बताते हुए रद्द कर दिया है। उच्च न्यायालय ने पुलवामा के जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी फटकार लगाई और जम्मू-कश्मीर सरकार को याचिकाकर्ता को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। वकील अली मोहम्मद लोन उर्फ एडवोकेट जाहिद अली बनाम जम्मू-कश्मीर सरकार के एक मामले में न्यायमूर्ति राहुल भारती की एकल पीठ ने कहा कि यह अदालत यह मानने से बच नहीं सकती कि याचिकाकर्ता की निवारक हिरासत दुर्भावनापूर्ण और अवैध है। तीन अप्रैल को सुनाए गए अदालत के आदेश में कहा गया, याचिकाकर्ता को 2019 से मार्च 2024 तक लगातार चार हिरासत आदेशों की अवधि के तहत कुल मिलाकर 1080 दिनों से अधिक की निवारक हिरासत अवधि के दौरान अपनी स्वतंत्रता का नुकसान उठाना पड़ा है।

# रामटहल चौधरी ने छोड़ी कांग्रेस पार्टी टिकट न मिलने से चल रहे थे नाराज

**रांची लोकसभा सीट से 5 बार सांसद रहे पूर्व भाजपा नेता रामटहल चौधरी बीते 28 मार्च को कांग्रेस में शामिल हुए थे**

**कांग्रेस ने रामटहल चौधरी को दरकिनार कर यशस्विनी सहाय को दिया टिकट**

**रामटहल चौधरी ने कहा कि अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से बातचीत करने के बाद ही अपनी अगली रणनीति की घोषणा करेंगे**



संवाददाता

**रांची।** रांची से 5 बार के सांसद रहे रामटहल चौधरी ने आज यानी शनिवार को कांग्रेस छोड़ने का ऐलान कर दिया है। गौरतलब है कि 28 मार्च को टिकट मिलने के आश्वासन के बाद कांग्रेस जॉइन करने वाले रामटहल चौधरी ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस छोड़ने का ऐलान किया।

बता दें कि राजधानी रांची लोकसभा सीट से 5 बार सांसद रहे पूर्व भाजपा नेता रामटहल चौधरी बीते 28 मार्च को कांग्रेस में शामिल हुए थे, लेकिन वहां एक महीने भी नहीं टिक पाए। उन्होंने शनिवार को पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। पूर्व भाजपा नेता रामटहल चौधरी ने कहा कि वे कांग्रेस में झंडा ढोने नहीं आए थे। उन्हें आश्वस्त किया गया था कि रांची सीट पर पार्टी उन्हें उम्मीदवार बनाएगी, लेकिन पार्टी ने वादाखिलाफी कर उसे उम्मीदवार बना दिया, जो जमानत तक नहीं बचा सकती।

दरअसल, 21 अप्रैल 24 को कांग्रेस ने जब रामटहल चौधरी को दरकिनार कर यशस्विनी सहाय को टिकट दिया था उसी दिन से ये कयास लगाये जा रहे थे कि रामटहल चौधरी किसी भी दिन कांग्रेस छोड़ने का ऐलान कर सकते हैं। हालांकि रामटहल चौधरी ने कांग्रेस छोड़ने का ऐलान तो कर दिया पर उनकी अगली रणनीति क्या होगी। क्या रामटहल चौधरी फिर से भाजपा में घर वापसी करेंगे या किसी और पार्टी का दामन थामेंगे इसका खुलासा नहीं किया। इस विषय पर पूछे गए सवाल पर रामटहल चौधरी ने कहा कि अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से बातचीत करने के बाद ही अपनी अगली रणनीति की घोषणा करेंगे।

## दो साइबर अपराधियों को सीआईडी ने किया गिरफ्तार

**मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर करता था ठगी**




संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में दुमका जिला के रहने वाले साजिद अंसारी और देवघर जिला के रहने वाले जमालुद्दीन अंसारी शामिल है। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम कार्ड, तीन पासबुक, एक चेकबुक, एक एटीएम और एक पेनकार्ड बरामद किया गया है। साइबर क्राइम थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। सीआईडी की साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की है।

इस संबंध में 20 फरवरी को रांची के साइबर क्राइम थाने में एक महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिक्की में बताया गया था कि अज्ञात साइबर अपराधियों की ओर से मीशो एप का कस्टमर केयर बनकर एनी डेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करा कर दो लाख छह हजार 496 रुपये की ठगी कर ली गई थी।

## पूर्व सीएम सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज



कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी गई थी

संवाददाता

**रांची।** ईडी की अदालत ने शनिवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सोरेन ने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए यह याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने अंतरिम जमानत नहीं दी।

याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी। कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन का निधन शनिवार की सुबह हो गया। उनके अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन ने अंतरिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

## 10 लाख का ईनामी नक्सली नितेश यादव का सदस्य राजेन्द्र भुइयां सहित दो गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**विष्णु हथियारों का करता था मरम्मत, हथियार बनाने के कई सामान बरामद**



संवाददाता

**पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 10 लाख के ईनामी नक्सली नितेश यादव के दस्ते के सदस्य राजेन्द्र भुइयां को चार भरठुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया। राजेन्द्र के साथ विष्णु विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। विष्णु हथियारों की मरम्मत करता था। उसके घर से हथियार बनाने के कई सामान बरामद किए गए हैं।

राजेन्द्र हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नासो जमालपुर जबकि विष्णु इसी थाना क्षेत्र के जीतामाटी सलैया टिकर का रहने वाला है। एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार को बताया कि राजेन्द्र भुइयां दो वर्षों से माओवादी नितेश यादव के दस्ते में शामिल रहा था। वर्तमान में कहीं दूसरी जगह पहचान छिपाकर रह रहा था। वह घर आया हुआ था। इस बीच गुप्त सूचना पर हुसैनाबाद के डीएसपी मुकेश कुमार महतो और सीआरपीएफ 112वीं बटालियन के साथ कार्रवाई की गयी। छापेमारी के दौरान चार भरठुआ बंदूक, दो बैरल, लोहे की पाइप, बारूद एवं भरठुआ बंदूक में भरने वाला मसाला, छर्रा, बैरिंग, बंदूक में इस्तेमाल होने वाला घोड़ा एवं अन्य पुर्जे बरामद हुए।

बंदूक राजेन्द्र के अलावा कर्मदेव भुइयां, उपेन्द्र भुइयां नासो जमालपुर एवं राजेश कुमार रवि बैरियाडीह के घर से बरामद हुआ। हथियार बनाने के सामान विष्णु विश्वकर्मा के घर से मिले। एसपी ने बताया कि माओवादी नितेश के साथ मिलकर राजेन्द्र लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने की तैयारी में था। इसके लिए हथियार भी रखे हुए था। इस संबंध में राजेन्द्र के अलावा कर्मदेव, रामचन्द्र, विनोद, उपेन्द्र, सुरेन्द्र भुइयां सभी नासो जमालपुर राजेश बैरियाडीह, ललन राम माहुर भवरी मोहम्मदगंज, नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम जी, सीताराम रजवार उर्फ रमन जी एवं विष्णु विश्वकर्मा सभी जीतामाटी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## भाजपा सत्ता में लौटती है तो वह संविधान बदल देगी, लोगों के अधिकार छीन लेगी : प्रियंका

एजेंसी

**गुजरात :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का शीर्ष नेतृत्व भले ही अभी इस बात से इनकार करने का दिखावा कर रहा हो, लेकिन अगर पार्टी सत्ता में वापस आई तो वह संविधान बदल देगी और लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर देगी। प्रियंका ने आदिवासी बहुल वलसाड जिले के धरमपुर गांव में एसटी (अनुसूचित जनजाति)-सुरक्षित वलसाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अनंत पटेल के समर्थन में आयोजित एक रैली में कहा, भाजपा नेता और उम्मीदवार कह रहे हैं कि वे संविधान बदल देंगे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे इनकार कर रहे हैं। यह उनकी रणनीति है।

**आम लोगों को कमजोर करना चाहते हैं**

कांग्रेस नेता ने कहा, शुरूआत में वे उससे हमेशा इनकार करेंगे जो वे करना चाहते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद वे इसे लागू करेंगे। वे आम लोगों को कमजोर करने और उन्हें हमारे संविधान में दिए गए अधिकारों से वंचित करने के लिए संविधान को बदलना चाहते हैं।'' उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह चुनाव के दौरान सुपरमैन'' की तरह मंच पर आते हैं लेकिन आपको उन्हें महंगाई मैन'' के रूप में याद रखना चाहिए।



**पीएम मोदी को 'महंगाई मैन'' के रूप में याद रखे : प्रियंका**

प्रियंका ने कहा, भाजपा नेता प्रधानमंत्री को शक्तिशाली नेता के रूप में पेश करते हैं और (रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में) कहते हैं कि वह चुटकी बजाकर लड़ाई रुकवा देते हैं' तो फिर वह गरीबी को भी ऐसे ही क्यों नहीं दूर कर पा रहे।'' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह शहरी इलाकों में 100 दिन के काम की गारंटी के लिए मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) जैसी रोजगार गारंटी योजना लाएगी।

## रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित दो चिकित्सकों सहित छह को किया गया क्वारंटाइन

संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है।



इस बाबत प्रक्षेत्र के डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किए हैं, जिसकी जांच की जायेगी।

जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गए हैं।

### मालदीव का भारत विरोधी चेहरा फिर हुआ बेनकाब, मालदीव लौटा चीनी रिसर्च जहाज

# राष्ट्रपति मुइज्जू की मदद से भारत की 'जासूसी' कर रहा चीन

### जियांग यांग होंग मालदीव क्षेत्र में सक्रिय था

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मालदीव का भारत विरोधी चेहरा फिर बनकाब हो गया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मदद से चीन भारत की 'जासूसी' कर रहा है। चीन का उच्च तकनीक वाला रिसर्च जहाज जियांग यांग होंग 03 मालदीव जल क्षेत्र में वापस आ गया है। दो महीने पहले 4,500 टन के इस जहाज ने एक सप्ताह तक द्वीपसमूह राष्ट्र के विभिन्न बंदरगाहों पर का वक्त बिताया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जहाज को थिलाफुशी औद्योगिक द्वीप के बंदरगाह



पर खड़ा किया गया। हालांकि मालदीव सरकार ने इसकी वापसी के कारण का खुलासा नहीं किया लेकिन ये जरूर कहा, 'जहाज अब विशेष आर्थिक क्षेत्र को पार करने के बाद वापस आ गया है इसलिए, जियांग यांग होंग 03 जनवरी से मालदीव क्षेत्र के अंदर या उसके पास सक्रिय है।

### जहाज में समुद्री धाराओं और पर्यावरणीय जानकारी को मापने के उपकरण भी लगे हैं

इससे पहले 23 फरवरी को जियांग यांग होंग 03 जहाज माले के पश्चिम में लगभग 7.5 किमी दूर थिलाफुशी बंदरगाह पर ही रुका था। मालदीव के एऐ की सीमा के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद हाई-टेक जहाज 22 फरवरी को मालदीव के जलक्षेत्र में पहुंचा था। लगभग छह दिन बाद, जहाज ईईजेड सीमा से वापस चला गया था। इस बीच, फरवरी में मीडिया रिपोर्ट्स में जहाज जियांग यांग होंग 03 के बारे में बताया गया था। 100 मीटर लंबे जहाज को 2016 में चीन के राज्य महासागरीय प्रशासन (एसओए) के बेड़े में जोड़ा गया था। 2019 से चीन इस जहाज का इस्तेमाल चीन की पायलट महासागर प्रयोगशाला में 'दूरस्थ जल' और 'गहरे समुद्र' सर्वे करने के लिए भी कर रहा है। इसमें समुद्री धाराओं, लहरों और महत्वपूर्ण पर्यावरणीय जानकारी को मापने के उपकरण भी लगे हैं। जियांग यांग होंग 03 का प्रबंधन करने वाले रडअ के हवाले से बताया कि यह जहाज समुद्री रिसर्च के लिए देश में निर्मित सबसे आधुनिक जहाज है। गौरतलब है कि चीन समर्थ राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने हाल ही में आम चुनाव जीता है। पार्टी को 93 सदस्यीय पीपुल्स मजलिस में से 66 सीटें हासिल हुईं। बता दें मुइज्जू चीन के समर्थक हैं. 21 अप्रैल को संसदीय चुनावों में भारी बहुमत से जीत के साथ उन्होंने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

### मणिपुर में कुकी उग्रवादियों ने किया हमला

## सीआरपीएफ के दो जवान शहीद

एजेंसी



**इंफाल।** मणिपुर के नारानसेना इलाके में आधीरात से 2:15 बजे के मध्य कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ ) के दो जवान शहीद हो गए। 128वीं बटालियन के ये दोनों जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात थे। मणिपुर पुलिस ने यह जानकारी दी। मणिपुर पुलिस के एक्स हैंडल के अनुसार, सुरक्षा बलों का पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान शुरू है। एनएच-2 पर आवश्यक वस्तुओं के साथ 348 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों में कुल 127 नाका और चेकपॉइंट स्थापित किए गए हैं। पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में 139 लोगों को हिरासत में लिया है।

# लोस चुनाव के लिए राज्य के चार संसदीय क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू : रवि

## चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुमार ने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ



संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है।

मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी ताकि शत-प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (ऐबसेंट, शिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालेंटियर्स के रूप में रखा जाएगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे, वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालेंटियर्स का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) के प्रकाशन, प्रसारण सहित सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक खबर मिलने पर संबंधित संस्थान, व्यक्ति पर कार्रवाई की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

## लोक आदलत में 3250 लंबित मामलों का निष्पादन

**रांची।** राज्य में चेक बाउंस और बिजली से सम्बंधित मामलों के सम्बन्ध में विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें कुल 24727 प्री लिटिगेशन एवं कुल 3250 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही कुल 270528545 रुपये का निष्पादन किया गया। झालसा की ओर से इस विशेष लोक अदालत के आयोजन की तैयारी एक माह से की जा रही थी। झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना की ओर से भी 22 अप्रैल को सभी जिलों के सम्बंधित न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी थी।

## एक नजर

### एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिए अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ ने बनायी रणनीति

**रांची।** अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की एक बैठक आज न्यू बार भवन के प्रथम तल पर रेखा वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने में अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों को एकजुट होकर कार्य करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के उलंघन पर पैनी नजर रखने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ की जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ताओं की एक कमेटी का गठन किया गया जो रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर आजसू पार्टी कार्यकताओं को एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। कमेटी में अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो, बिपिन बिहारी देवरत्न, मृत्युंजय प्रसाद, प्रदीप कुमार महतो, संजित कुमार, बीरेंद्र महतो, प्रकाश कुमार, दिनेश कुमार वर्मा, रेखा वर्मा, विजय कुमार कोइरी, जितेंद्र प्रसाद, विजय कुमार गुप्ता, सतेन्द्र सिंह, शिव कुमार यादव, निरंजन राम, अमित कुमार, प्रेम कुमार साव, डॉली महतो, बिसेश्वर खंडित आदि अधिवक्ता शामिल किए गए हैं।

### बढ़ी हुई परीक्षा शुल्क वापस ले विवि: अभिषेक



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने पीजी परीक्षा शुल्क बढ़ोतरी को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराओ किया। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पिछले 5 मार्च छात्र आजसू के विरोध के बाद रांची विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क काम करने का नोटिफिकेशन निकाला गया था लेकिन परीक्षा शुल्क कम होने के जगह बढ़ा दिया गया जो छात्र छात्राओं के हित मे किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है, यह निर्णय गरीब एवं गरीबी रेखा से नीचे तबके के छात्र छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है। मौके पर मौजूद छात्र आजसू के प्रियांशु शर्मा ने कहा की अगर छात्र हित मे अगर परीक्षा शुल्क कम नहीं किया गया तो छात्र आजसू आंदोलन एवं तालेबंदी करेगी। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा ने कहा की इस मामले पर घमबीरता से विचार करते हुए छात्र हित मे उचित निर्णय लिया जाएगा।

### रामटहल चौधरी के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा : राकेश सिन्हा

**रांची।** कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि रामटहल चौधरी का कांग्रेस की सदस्यता लेना और छोड़ कर जाना उनका खुद का निजी मामला है। सिन्हा ने शनिवार को कहा कि चौधरी ने दिल्ली में पार्टी की सदस्यता लेने के बाद वह मीडिया में बयान दिये की हम निःस्वार्थ रूप से सेवा करने आये हैं और उन्होंने साफ कहा कि हमें पार्टी के किसी नेता ने कोई आश्वासन नहीं दिया है, जहां तक टिकट की बात रही तो उनसे कोई वादा नहीं किया गया था। जिस भी पार्टी में जायें अच्छे से रहें और दीघार्यु रहें। उनके पार्टी छोड़ कर जाने से कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया : मरांडी

संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 27 अप्रैल को मांडर स्थित सोसई आश्रम में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। इन 10 वर्षों में उन्होंने जो काम किया, यह सब के सामने है। चाहे गांव के लोग हो, चाहे महिला हो, चाहे गरीब हो, चाहे मजदूर हो, चाहे नौजवान हो। सभी वर्ग के लिए उन्होंने काम किया। किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा। सबके विकास के लिए काम किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आने वाले दिनों में भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाना है। जब वह विकसित और समृद्ध भारत की बात करते हैं तो सभी लोगों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध



करने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने इस दिशा में काम शुरू किया। पहले लोगों के लिए घरों में शौचालय उपलब्ध कराया। उसके बाद गैस कनेक्शन की सुविधा दी। घर-घर में बिजली पहुंचाई। अब लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, ताकि गरीब भूखे नहीं रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को आवास भी उपलब्ध कराया। पिछले 10 वर्षों में देश में चार करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए गए। प्रधानमंत्री ने कहा है कि तीसरी बार पीएम बनने पर वे 3 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी किसानों के खाते में भी सालाना ?6000 भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हर घर में नल से जल पहुंचे। झारखंड की इंडी गठबंधन की सरकार ने इस योजना को भी भ्रष्टाचार में खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री लोगों के घर की चिंता करते हैं। उनकी इज्जत की चिंता करते हैं। उनकी भोजन की चिंता करते हैं। उनके पीने के पानी की चिंता करती हैं।

गांव-गांव में सड़क और पुल पुलिया बनाने का काम कर रहे हैं। इस बार के चुनाव में जो हमारी चिंता करते हैं, हमें उनकी चिंता करनी चाहिए और 24 में फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार है। ये सभी दल झारखंड विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। देश आजाद होने के बाद से ही झारखंड अलग राज्य की लड़ाई चल रही थी। जयपाल सिंह पहले लड़ रहे थे। कांग्रेस की सरकार ने जयपाल सिंह को भी अपनी पार्टी में मिला लिया। पैसे दिया, लेकिन झारखंड राज्य नहीं दिया। बाद में शिबू सोरेन को भी सरकार बचाने के लिए पैसा दिया और जब सीबीआई की जांच हुई तो तिहाड़ जेल भेज दिया। कांग्रेस पार्टी ने कभी झारखंड के लोगों का सम्मान नहीं किया। अगर कांग्रेस चाहती तो बहुत पहले झारखंड अलग राज्य बन गया होता है।

झारखंड अलग राज्य बना है तो यह एनडीए की देन है। अटल बिहारी वाजपेई के सत्ता में आने के बाद झारखंड अलग राज्य बना।

# पुलिस कप्तान ने तमाड़ थाना नक्सल क्षेत्र का दौरा किया



संवाददाता

**रांची।** जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिंह ने शनिवार को तमर थाना के नक्सल प्रभावित प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। एसएसपी ने लोकसभा चुनाव स्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से मिलकर अधिक से अधिक लोगों को वोट डालने के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

एसपी का काफिला तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित बूथ संख्या 296, 297 रा0 म0 वि0 आरहाँगा, बूथ संख्या 298 रा0 म0 वि0 मुकुरूमडीह, बूथ संख्या 300 नव प्रा0 वि0 बुरुहातु, बूथ संख्या 288 रा0 उत्कृ0 म0 वि0 जारगो, बूथ संख्या 289 जी0 ई0एच0 चर्च प्रा0 वि0 बासुकोचा में लोक सभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए केंद्रीय बलो के ठहाने की जगहों , पियाकूली पिकेट का निरक्षण किया गया।

निरिक्षण के क्रम में सम्बंधित बूथों के ग्रामीणों को दिनांक 13.05.2024 को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया

एसएसपी को जंगलों पहाड़ों के बीच बसे गांव आराहंगा के एक वृद्ध ग्रामीण ने उत्साह से अपना वोटर आई कार्ड भी दिखाया।

उन्हों ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडूरतिभान सिंह एवं थाना प्रभारी तमाड़ को निरिक्षण के क्रम में मतदान के दौरान शांति पूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गए।

# रांची एसएसपी ने जारी किया वीडियो संदेश

संवाददाता

**रांची।** नशे के जाल से युवाओं को बचाने में समुदाय के सहयोग को रेखांकित करते हुए और समाज की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें प्रेरित करते हुए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को एक वीडियो संदेश रिलीज किया है। वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के विरुद्ध युद्ध में समाज को सजग भूमिका निभाने और जड़ से इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक का उपयोग करने का अनुरोध किया है। एसएसपी ने व्हाट्सएप के माध्यम इस तरह की गतिविधियों की सूचना रांची पुलिस को व्हाट्सएप नंबर 9153886238 पर देने की अपील की। इसके साथ बताया कि यदि किसी को ऐसी गतिविधियों के अड्डे या स्थान का पता है तो उस स्थान पर जाकर उसका करेंट लोकेशन उपरोक्त




नंबर पर भेज कर पुलिस की मदद कर सकते हैं।

एसएसपी ने हिदायत दी कि लोकेशन भेजने के लिए उस स्थान पर तब जाएं जब वहां इस तरह की असामाजिक गतिविधियां न हो रही हों। यदि किसी नशे के सौदागर का फोटो, नाम, पता किसी के पास उपलब्ध है तो उसे भी शेयर करने की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

# झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए व आईएनडीआईए का प्लॉट तैयार

संवाददाता

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। इसे लेकर एनडीए और आईएनडीआईए ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर दोनों गठबंधनों ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। दोनों गठबंधनों के बीच रोचक मुकाबले की बिसात भी बिछ गई है। राज्य में आईएनडीआईए में चार राजनीतिक पार्टियों कांग्रेस, झामुमो, राजद और सीपीआई माले को जगह मिली है। इन सबके बीच 7-5-1-1 फॉमूर्ले पर सीट शेयरिंग भी हुई है। लेफ्ट की दो अन्य पार्टियों सीपीआई और सीपीएम को गठबंधन में जगह नहीं मिलने की वजह से कुछ स्थानों पर दोनों दलों ने अपने-अपने प्रत्याशी भी उतारे हैं लेकिन इस बार जो स्थितियां बन रही हैं उसमें मुख्य मुकाबला एनडीए और आईएनडीआईए के बीच ही दिख रहा है। कुछ नेता जैसे लोहरदगा से चमरा लिंडा, राजमहल से लोबिन हेंब्रम कितना प्रभाव छोड़ पाएंगे यह तो चार जून को मतगणना के बाद ही पता चल पाएगा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से राजमहल और सिंहभूम को छोड़कर सभी 12 सीटों पर एनडीए (भाजपा और आजसू) ने जीत दर्ज की थी जबकि राजमहल सीट से झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा और सिंहभूम से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में गीता कोड़ा की जीत हुई थी।

### इनके बीच होगा मुकाबला रांची लोकसभा सीट

रांची लोकसभा सीट
यशस्विनी सहाय- कांग्रेस
संजय सेठ- भाजपा

लोहरदगा लोकसभा सीट
सुखदेव भगत- कांग्रेस
समीर उरांव- भाजपा
चमरा लिंडा -निर्दलीय

चतरा लोकसभा सीट
केएन त्रिपाठी- कांग्रेस
कालीचरण सिंह - भाजपा

पलामू लोकसभा सीट
ममता भुईयां- राजद
वीडी राम- भाजपा

खूंटी लोकसभा सीट
कालीचरण मुंडा- कांग्रेस
अर्जुन मुंडा - भाजपा

सिंहभूम लोकसभा सीट
जोबा मांझी- झामुमो
गीता कोड़ा- भाजपा

जमशेदपुर लोकसभा सीट
समीर मोहंती- झामुमो
विद्युत बरण महतो- भाजपा

राजमहल लोकसभा सीट
विजय हांसदा-झामुमो
ताला मरांडी-भाजपा
लोबिन हेंब्रम-निर्दलीय

दुमका लोकसभा सीट
नलिन सोरेन- झामुमो
सीता सोरेन-भाजपा

गोड्डा लोकसभा सीट
प्रदीप यादव- कांग्रेस
निशिकांत दुबे-भाजपा

गिरिडीह लोकसभा सीट
मथुरा प्रसाद महतो- झामुमो
चंद्र प्रकाश चौधरी-आजसू

कोडरमा लोकसभा सीट
विनोद सिंह-सीपीआई माले
अन्नपूर्णा देवी-भाजपा

धनबाद लोकसभा सीट
अनुपमा सिंह-कांग्रेस
ढुल्लू महतो-भाजपा

हजारीबाग लोकसभा सीट
जेपी पटेल-कांग्रेस

# नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश का गौरव बढ़ाया : संजय सेठ

संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने शनिवार सील्ली विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र नवाडीह, घाघरा पराहातु मे जनसंपर्क अभियान चलाया सांसद सेठ ने कहा नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय हर



शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया इससे कश्मीर पंडितों को ही नहीं बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा जिससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया। इसी तरह राम मंदिर का निर्माण 5 सालों की प्रतीक्षा का प्रतिफल आज प्राप्त हुआ आज पाकिस्तान के आंख में आंख डालकर भारत बात करता है सर्जिकल स्ट्राइक इसका एक जीता जागता उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। मोदी जी का लक्ष्य है अंतोदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा हमें अपने घरों से निकाल कर देश के विकास के लिए मतदान अवश्य करनी चाहिए यह हमारा अधिकार है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है आज हम विश्व के पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हम सब को इस बार नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

आज के इस कार्यक्रम में धीरज महतो, दिलेश्वर कोयरी ,परीक्षित मंडल, सृष्टिध महतो, बिंदेश्वरी देवी हरेंद्र प्रमाणिक भागीरथ महतो, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, वरुण कुमार हाजरा ,मानिकचंद महतो ,सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ की बैठक

संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ बैठक की। होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पृष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के एक से दस किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन के जरिये बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के



तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम की ओर से संक्रमित क्षेत्र के एक से दस किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है।

साथ ही संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में टीम की ओर से चिकन, ऐग शॉप और आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है। बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरुक भी किया जा रहा है।

# शादी समारोह से घर लौट रहे युवक की आज्ञात हाइवा के चपेट में आने से दर्दनाक हुई मौत

### आक्रोशित लोगों ने पोस्टमार्टम से शव आने के बाद किया सड़क जाम

संवाददाता

**बेरमो :** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग के नया रोड स्थित महावीर मंदिर के समीप शुक्रवार की देर रात आज्ञात हाइवा के चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वह शादी समारोह से पैदल घर लौट रहा था। मृतक युवक की पहचान फुसरो नया रोड स्थित राजाबेड़ा गंझू मुहल्ला निवासी स्व० भोला गंझू के 40 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार गंझू के रूप में हुई। मृतक का शरीर से धड अलग हो चुका था। घटना के संबंध में मृतक के भाई मुकेश गंझू ने बताया कि दिलीप शादी समारोह से पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान फुसरो की ओर से आ रही तेज रफ्तार आज्ञात हाइवा ने युवक को बुरी तरह से कुचल दिया। जिससे युवक की घटनास्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना के



बाद हाईवा तेज रफ्तार से भागने में सफल रहा। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रात में हीं आज्ञात हाइवा की पहचान करने, मुआवजा, सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने और वाहनों की गति को धीमा करने की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। जाम स्थल पर बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह व बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन घटना से आक्रोशित लोग पुलिस प्रशासन की बात मानने को तैयार नहीं हो रहे थे। प्रशासन द्वारा मांगों पर पहल करने का भरोसा दिलाने के बाद लगभग तीन घंटे बाद सड़क जाम को लोगों ने हटाया। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी के मर्चरी में रखवा दिया।

शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपने पहुंची। तभी शव के आते हीं लोग फिर से आक्रोशित होकर शव को रखकर नया रोड राजाबेडा के समीप मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जिसके बाद बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार, बेरमो अंचल के सीआइ रवि कुमार, फुसरो नप के कर्मी राजीव रंजन कुमार सहित पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों को समझाते हुए मांगों को जल्द से जल्द पहल करने का आश्वासन दिया। साथ हीं लोगों ने आपसी सहयोग कर दाह संस्कार के लिए लगभग 10,400 रूपया नगद दिया। प्रशासन पुलिस ने हिट एंड रन के तरह दो लाख रुपए मुआवजा, आज्ञात हाइवा के पहचान होने पर 50 हजार दिलवाने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद लोगों ने तीन घंटे बाद सडक जाम हटाया। जाम के कारण दोनों ओर से वाहनों की कतार लग गयी थी। मृतक दिलीप गंझू चार भाई व तीन बहन में सबसे बड़ा था। वह पानी जार सफ्लाई का कार्य करता था। मृतक की शादी वर्ष 2017 में हुई थी। जिसके छह माह बाद पत्नी से तलाक हो गयी थी। मौके पर पूर्व पार्षद सहोदरी देवी, रमेश स्वर्णकार, शिकंदर ठाकुर, संतोष रवानी, प्रभात कुमार, अशोक रवानी, दीपक सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को करेंगी अपना नामांकन पत्र दाखिल

**गिरिडीह :** एनडीए प्रधान कार्यालय गांधी चौक गिरिडीह में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोक सभा के प्रभारी विकाश प्रीतम ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। प्रेस कांफ्रेंस में गिरिडीह भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, गिरिडीह लोकसभा के संयोजक प्रकाश सेठ,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जालान ,युवा मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहें। कोडरमा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल होंगे। इसकी जानकारी शनिवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोकसभा के प्रभारी विकास प्रीतम ने प्रेस कान्फ्रेंस करके दी। उन्होंने कहा कि 2 मई को अन्नपूर्णा देवी और 3 मई को गाण्डेय उपचुनाव के लिए दिलीप वर्मा पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने इस दौरान गाण्डेय से झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी को गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव लड़वाया जा रहा है।

### मो. हसनैन अली का जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों ने किया विरोध

**गिरिडीह :** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो. हसनैन अली ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान किया। जिसमें कई गांव में जिला अध्यक्ष का भ्रमण हुआ और स्थानीय ग्रामीणों ने झारखंड में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिए जाने की नाराजगी है और लोगों ने जिला अध्यक्ष की गाड़ी रोक कर विरोध किया और स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय कि आबादी 18% है और एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया जाना यह कैसा बर्ताव है ? अल्पसंख्यकों के साथ आला कमान अगर अल्पसंख्यक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में नहीं देती है तो हम लोग किसी भी दल के नेता को अपने गांव में घुसने नहीं देंगे और मजबूत तरीके से विरोध होगा। स्थानीय लोगो की नाराजगी के बाद जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि आज मैं अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गांडेय विधानसभा के पांडेयडीह , महेशमुंडा , फुलजोरी , मैदनीसारे समेत विभिन्न इलाकों में क्षेत्र भ्रमण किया। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में जबरदस्त नाराजगी है। क्योंकि झारखंड के लोकसभा चुनाव में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया गया है और पूरे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय में नाराजगी का माहौल है। इसलिए मैं आलाकमान से अनुरोध करता हूं कि आला कमान को पूर्ण विचार करनी चाहिए और 14 लोकसभा सीट में से एक सीट अल्पसंख्यक समुदाय को दिया जाना चाहिए। मौके पर भारी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय की लोग मौजूद थे।

### शिबू सोरेन के बड़े भाई का निधन होने पर शोक

**बेरमो :** झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के बड़े भाई झारखंड आंदोलनकारी राजाराम सोरेन का आकस्मिक निधन शनिवार को होने पर झामुमो उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो, केंद्रीय सचिव दिगंबर महतो, शंभूनाथ महतो, कृष्णा थापा, जगदीश महतो, जयकुमार टुडू, मधु पासवान, बिरन लोहार, छत्रधारी मिश्रा, इकरामुल हक, प्रयाग महतो, मनीलाल पाल, गिरधारी महतो, गणेश महतो, महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष किरण देवी, जिला अध्यक्ष सहोदरी देवी, हेमलाल महतो, वीरेंद्र चौहान, बद्री प्रसाद महतो आदि ने शोक व्यक्त किया है। इस मौके पर केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो ने कहा कि राजाराम सोरेन ने झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। कहा कि स्व० सोरेन मेरे साथ झारखंड आंदोलन किया। कहा कि उनका ससुराल झिलिंगटांड था जिसके कारण उनका वहां आना जाना था।

# मजदूर विरोधी मोदी सरकार को हटाना जरूरी : राघवन

### कोल फिल्ड मजदूर यूनियन ढ़ोरी एरिया की बैठक में विभिन्न यूनियन को छोडकर दर्जनों मजदूर हुए शामिल

संवाददाता

**बेरमो :** एचएमएस से संबद्ध कोल फिल्ड मजदूर यूनियन ढ़ोरी एरिया की बैठक करगली बाजार स्थित यूनियन के प्रधान कार्यालय में शनिवार को हुई। बैठक में दर्जनों कामगारों श्रमिक विभिन्न यूनियनों को छोड़कर सीएमयू में शामिल हो गए। मुख्य अतिथि यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन ने शामिल हुए सभी नये सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत करते हुए यूनियन की सदस्यता दी। महामंत्री श्री राघवन ने कहा कि हमारी यूनियन गैर राजनीतिक संगठन है। यहां मजदूरों में बिना भेदभाव किये सभी को सम्मान दिया जाता है। यही वजह है कि विभिन्न यूनियनों को छोड़कर मजदूर हमारी यूनियन में शामिल हो रहे हैं। कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के कारण आये दिन मजदूरों के



अधिकारों पर हमला किया जा रहा है। केंद्र सरकार मजदूर विरोधी सरकार है। इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने की जरूरत है। कहा कि केंद्र में जबसे भाजपा सरकार सत्ता में आयी है लगातार कोयला उद्योग को कमजोर करते हुए पूंजीपतियों को मजबूत बनाने का काम किया गया है। केंद्र सरकार सार्वजनिक उद्योगों का निजीकरण करने पर तुली है। जिससे कोयला मजदूरों का अस्तित्व संकट में है। चार श्रम कानून लागू कर यूनियनों को ही खत्म कर तानाशाही परबूतर आई है। कहा कि 140 करोड़ की आबादी में 80 करोड़ लोग मजदूर है। यह सरकार 80 करोड़ मजदूरों को 5 किलो अनाज में जिंदा रखना चाहती है। यह सरकार अबतक कोई भी ऐसा निर्णय नहीं लिया है जिससे रोजगार को बढ़ावा मिले। इस देश में 70 फीसदी से ज्यादा मजदूर छोटे उद्योग में काम करते थे। सरकार ने नोट बंदी व जीएसटी लागू कर छोटे उद्योग को खत्म कर दिया। जिससे ज्यादातर युवक बेरोजगार हो गये हैं। कहा कि जब-जब अहंकार के आधार पर निर्णय लिया गया है देश में सत्ता परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि कोयला खदानों में जान जोखिम में डालकर काम करने वाले ठेका मजदूरों को हाईपावर कमेटी द्वारा निर्धारित मजदूरी का भुगतान नहीं कर ठेका कंपनियों द्वारा उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

# कमल का फूल खिलाएं, पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करें : सावित्री

### ग्रामीण और आम जनता की हर समस्या के समाधान के लिए भाजपा सासंद प्रत्याशी ढुलू महतो हमेशा तैयार रहेंगे

संवाददाता



**सिन्दरी :** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर राजाबस्ती रागामाटी हरि मंदिर में महिलाओं के द्वारा बैठक की गई। मुख्य अतिथि के रूप में घनबाद लोकसभा सासंद प्रत्याशी ढुलू महतो की धर्म पत्नी सावित्री देवी मौजूद रही। बैठक में सावित्री देवी ने कहा कि आपके भाई व बेटे को घनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। लोकसभा क्षेत्र धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो नहीं लड़ रहे हैं। घनबाद से कमल का फूल लड़ रहा है। आपको तय करना है कि आप अपने क्षेत्र से कितना कमल का फूल खिलाते हैं और मोदी जी के हाथों को मजबूत करते हैं।30 अप्रैल को ढुलू महतो नामांकन पत्र जमा करेंगे। सबसे आग्रह किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा मतदाताबंधु सहयोग करें। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिसमें पांच लाख का ईलाज फ्री में करवाया जा रहा है ।500 वर्षो के बाद अयोध्या में राम मंदिर बनाया गया है। 25 मई को चुनाव है।

आप अपने मतदान का प्रयोग जरूर करें एवं आस पास के महिलाओं को मतदान करवाने में सहयोग करें। सभी का सहयोग एवं ज्यादा से ज्यादा मतदान मिल रहा है। आशा करती हूँ कि 10 लाख से ज्यादा मतों से जीत दिला कर नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के लक्ष्य के साथ लोगों के बीच जाएं और ढुलू महतो को विजयी बनाएं। ढुलू महतो ने बाघमारा विधानसभा में तीन बार विधायक बनकर निःस्वार्थ भाव से जनता की सेवा की है। उनकी लोकप्रियता हीं जीत की गारंटी हैं। मौके पर शैलेश सिंह, विजय कुमार, राजेश कुमार, संजू महतो, गणपति बाउरी, सपन बनर्जी, सुजीत गोराई, मनोज मंडल, अंबूज मंडल, ठाकुर लाल राय, बासुदेव मंडल, सुबोध राय, रिनटू मंडल, सविता देवी, पार्वती राय, सुधा राय, सुचेता चक्रवर्ती, मीना राय, ममता चक्रवर्ती, मानिक मंडल, ममता मंडल आदि शामिल हुए।

# पीपराटांड में प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी को बनाया बंधक, पंचायती में शादी कराने का निर्णय

संवाददाता

**बेरमो :** पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी दक्षिणी पंचायत के पीपराटांड में गुरूवार की देर रात प्रेम प्रसंग मामले में युवती के घर में लडका को परिजनों ने बंधक बनाया। मामले के संबंध में बताया जाता है कि पंचायत के खेडहो गांव निवासी स्व० हेमलाल बास्के के छोटे पुत्र लालधारी बास्के और पीपराटांड निवासी स्व० सुरेश मांझी की पुत्री बाहामुनी कुमारी के साथ पिछले चार सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। गुरूवार की रात लगभग दो बजे युवक युवती के घर उससे मिलने पहुंचा।

इसी बीच परिजनों को भनक लग गयी और परियोजनों ने युवक को बंधक बनाकर शुक्रवार की सुबह में पंचायत के जनप्रतिनिधियों को सूचना दी। सूचना पाकर पेटरवार प्रखंड प्रमुख शारदा देवी, पंसस नारायण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि देवीदास सहित ग्रामीण शिवलाल बास्के, फागु मांझी आदि लोग पहुंचे थे। मामले की विस्तार से जानकारी दी। देर शाम समाचार लिखे जाने तक प्रमुख शारदा देवी, मुखिया प्रतिनिधि देवीदास ने बताया कि बैठक में निर्णय



लिया गया है कि आदिवासी समाज के मुखिया मांझी हाडाम व बुढा मांझी की उपस्थिति में दोनों परिजनों के बीच समझौता करवाकर आदिवासी रिति रिवाज से पंचायत में हीं शादी करवाया जायेगा। यदि पंचायत का निर्णय नहीं माना जाता है तो युवक युवती को पेटरवार थाना को सुर्पूद कर दिया जायेगा।

जिसके बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जायेगी। युवक को फिल्हाल युवती के हीं घर में रखा गया है। विदित हो कि 8 जून 2023 को युवती युवक से शादी करने के लिए युवक के घर में भी तीन दिनों तक घर के बाहर धरना पर बैठी थी। युवती तीन बहनों में सबसे छोटी है। युवती के अनुसार युवक के पिता पीडीएस डीलर रहने के कारण अनाज उठाव के लिए जाने के दौरान युवक से परिचय हुआ और प्रेम में बदला था।

ऐसे में शुरूआती में युवक का उसके घर पर आना-जाना लगातार बना रहा और फिर उसके बाद नवंबर 2022 में पिपराटांड़ गांव के समाज के मुखिया (मांझी बुढा) ने खेडो गांव के समाज के मुखिया (मांझी बुढा) समेत परिजनों की सहमति से अपने घर ले जाकर शुरूआती मार्च 2023 तक पत्नी की तरह रखा था। युवक के परिजनों द्वारा पडताडित करने पर वह अपने माइका आ गयी।

# मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

**गिरिडीह :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से सेमिनार हॉल में एकदिवसीय मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मनोज प्रसाद ने कहा कि यह कार्यक्रम गिरिडीह न्याय मंडल में पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं विद्वान मध्यस्थों के लिए मध्यस्थता हेतु भेजे जाने वाले मामलों पर जागरूकता करने के लिए किया गया। ताकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं माननीय उच्च न्यायालय, रांची के द्वारा मध्यस्थता के लिए निर्धारित दिशा निदेशों का अनुपालन सभी रेफरल जजों एवं विद्वान मध्यस्थों के द्वारा किया जा सके। साथ हीं मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर चर्चा के साथ अपराधिक मामलों, सिविल मामले, पारिवारिक मामले एवं मध्यस्थता योग्य अन्य मामलों में नियमानुकूल कार्यवाही मध्यस्थता के दौरान हो सके एवं



पक्षकारों को इसका समुचित लाभ प्रदान किया जा सके।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए मध्यस्थता नियमावली के बारे में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम विश्नोई के द्वारा मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के दौरान मध्यस्थता में रेफरल जजों की भूमिका पर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम गोपाल पांडेय ने विस्तार पूर्वक सभी रेफरल जजों, मध्यस्थगणों एवं पैनल अधिवक्ताओं को जानकारी प्रदान की। दूसरे सत्र में मध्यस्थता की उपयोगिता एवं मध्यस्थों की भूमिका पर प्रशिक्षित मध्यस्थ श्रीमती उर्मिला शर्मा एवं तीसरे सत्र में एडीआर मेकैनिज्म के बारे में पैनल अधिवक्ता अमित सिन्हा ने जानकारी प्रदान की।

इस दौरान न्यायिक पदाधिकारियों एवं विद्वान मध्यस्थों ने भी आपस में परिचर्चा कर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार प्रकट किये। इस कार्यक्रम में बतौर रेफरल जज जिला एवं अतिरिक्त सत्र मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी गिरिडीह सौरव कुमार गौतम, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, श्रीमती उर्मिला शर्मा, उदय मोहन , सिन्हा धीरज कुमार सिन्हा इत्यादि उपस्थित थे।

## करोड़ों की लागत से बना पानी टंकी फिर भी जनता वर्षों से पानी को लालायित

# पेयजल किल्लत से जनता परेशान, प्रशासन से जांच की मांग

### लेकिन प्रशासन से उचित सहयोग न मिल पाने के कारण जल सहिया भी उचित रख रखाव नही कर पा रही हैं व परिणाम आपके समक्ष है

संवाददाता

**गिरिडीह :** बागोडीह पंचायत प्रखंड सरिया जिला गिरिडीह में बने पानी टंकी से पिछले दस वर्षों में दस दिन भी ग्रामीणों को पानी नही मिलने से ग्रामीणों में प्रशासन व व्यवस्था के प्रति बड़ा रोष है। निखिल कुमार जिला अध्यक्ष, गिरीडीह, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने



ग्रामीणों की वर्षो की परेशानी को देखते हुए उपायुक्त गिरीडीह से मांग की है कि जल्द से जल्द संबंधित विभाग को एक जांच कमिटी गठित करने का निर्देश दिया जाय। पूरे मामले की जांच हो व पानी टंकी के रख रखाव की समुचित व्यवस्था की जाय। ताकि ग्रामीणों को भीषण गर्मी के मौसम में जल जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित न होना पड़े। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो के जिला अध्यक्ष गिरीडीह निखिल कुमार ने बताया कि पानी जैसी मूलभूत व बुनियादी सुविधा से ग्रामीण करोड़ो रुपए से बने पानी टंकी होने के बावजूद वंचित हैं। इसका जिम्मेदार किसे ठहराया जाय? पानी टंकी के कल पुर्जो के रख रखाव की जिम्मेदारी जल सहिया की होती है।

लेकिन प्रशासन से उचित सहयोग न मिल पाने के कारण जल सहिया भी उचित रख रखाव नही कर पा रही हैं व परिणाम आपके समक्ष है। पिछले 10 वर्षों से 10 दिन भी ग्रामीणों को पानी नही मिल पाया व जनता के करोड़ो रुपए की बबार्दी हो गयी। जब तक धरातल पर प्रशासन उचित व्यवस्था व जिम्मेदारी तय नही करेंगे। ऐसे हीं जनता के टैक्स के पैसे की बबार्दी होगी व जनता बेबस व लाचार व ठगी सी महसूस करेंगी। प्रशासन सुनिश्चित करे कि धरातल पर हुए काम के रखरखाव को प्राथमिकता दी जा रही है अन्यथा ऐसे हीं करोड़ो रुपए का नुकसान होता रहेगा व जनता को योजनाओं के लाभ से वंचित रहना पड़ेगा।

# भाजपा के बूथ अध्यक्षों एवं समिति के साथ हुई बैठक

संवाददाता

**बेरमो :** भाजपा फुसरो मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र संख्या 12 में बूथ संख्या 108, 109 में शनिवार को बूथ अध्यक्षों एवं समिति के साथ बैठक हुई। जिसमें बूथ अध्यक्षों एवं समिति का सत्यापन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बेरमो विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी लक्ष्मण नायक ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को विजय दिलाना है। एनडीए का अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूरा होगा। कहा कि देश व गिरिडीह लोस क्षेत्र की जनता



को एनडीए से काफी उम्मीद है। देश का विकास एनडीए के हाथों से हीं हो सकता है। मौके पर फुसरो नगर के प्रभारी संजीव कुमार झा, बेरमो विधानसभा क्षेत्र के विस्तारक सुखेन मंडल, वार्ड संख्या 12 के प्रभारी अशोक मिश्रा, नगर मंडल के अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री रमेश स्वर्णकार, बूथ अध्यक्ष भोला विश्वकर्मा, अनिल मोदी आदि मौजूद थे।

एक नजर

## पूर्वी टुंडी में कलश यात्रा के साथ रामचरित मानस यज्ञ शुरू



**धनबाद ।** चुरुरिया पंचायत अन्तर्गत दलदली गांव में आयोजित पांच दिवसीय रामचरित मानस यज्ञ के निमित भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश लेकर महिलाएं और कन्याएं क्षेत्र का भ्रमण करते हुए बराकर नदी के करमदाहा घाट पहुंची। यहां आचार्य ने वेद मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरण करवाया। श्रद्धालु कलश लेकर वापस उसी रास्ते से लगभग पांच किमी की दूरी तय कर दलदली स्थित यज्ञ मंडप पहुंचे। इस दौरान गाजे बाजे और धार्मिक नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शंकर चंद्र दां, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष समीर कुमार साव, संतलाल बाबा, पूर्व मुखिया राजेंद्र सिन्हा, अजित कुम्भकार, वीरेंद्र भंडारी, निर्मल मंडल, सचिन कुम्भकार, जयदेव कुम्हार, सपन दां, सेवक दां, रमेश कुम्हार, निर्मल दत्ता, पंकज कुम्हार, माणिक निराला सहित समाज के हर तबके के लोग शामिल हुए।

## ढुल्लू महतो के समर्थन में जदयू ने चलाया जन संपर्क अभियान



**धनबाद ।** एनडीए गठबंधन की ओर से धनबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के समर्थन में जदयू ने शनिवार को धनबाद कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से एनडीए के समर्थन में मतदान करने की अपील की। यह जनसंपर्क अभियान मुनीडीह, बालूडीह, पुटकी तथा केंदुआ आदि क्षेत्र में सघन रूप से चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में प्रत्याशी ढुल्लू महतो के साथ धनबाद जिला जदयू के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, संगठन के नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, युवा प्रकोष्ठ के जिला महासचिव आदित्य पासवान, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय तथा दीपेन प्रमाणिक आदि शामिल थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नामांकन की तैयारियों का किया निरीक्षण

**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा सीट के लिए 29 अप्रैल से होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आरओ सेल समेत समाहरणालय परिसर में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सभी तैयारी ससमय पूरी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि समाहरणालय में नामांकन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, पेयजल, पंखे, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, लिफ्ट, नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारी पूरी करें। सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे इस पर विशेष ध्यान दे। साथ हीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने परिसदन भवन में चिन्हित आब्जर्वर कोषांग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ऑब्जर्वर हेतु रुकने की व्यवस्था, कार्यालय, मीटिंग हॉल समेत विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, एनडीसी दीपक दुबे समेत अन्य उपस्थित रहें।

## मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज



**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने आज मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में श्री प्रमाणिक में बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे 2 ट्रैक्टर की आज जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

# निरीक्षण के दौरान कुछ बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश: डीसी

**वल्नरेबल मतदाताओं से वार्ता कर बिना किसी डर, दबाव प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने की अपील**



संवाददाता


**धनबाद ।** शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ पर एएमएफ की व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित एआरओ से प्राप्त की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बूथ नंबर 58,59,60 एवं 61 टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 71, 368 एवं 369 एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 280 एवं 268 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह संबंधित क्षेत्र के बीडीओ, समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## लगातार 36 घंटों का चलाया गया गहन टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद ।** धनबाद मंडल में 24 अप्रैल को सुबह 08.00 बजे से 25 अप्रैल के रात 08.00 बजे तक लगातार 36 घंटों का गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों के साथ अन्य स्टेशनों एवं मंडल से चलने व गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। इस दौरान की गई चेकिंग में 341 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 3203 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 16 लाख 45 हजार 160 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री।

### स्वास्थ्य महिला कर्मी ने डीसी से लगाई गुहार

## स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पर प्रताड़ित करने का आरोप



संवाददाता

**झरिया ।** बलियापुर प्रखंड के ढांगी एचडबल्यूसी की सीएचओ रेणु कुमारी का एक वीडियो सोसल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है ।उसने रोते हुए यह वीडियो बनाई हैं। वीडियो में उसने बलियापुर स्वास्थ केंद्र के प्रभारी राहुल कुमार के ऊपर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। रेणु कुमारी कह रही है कि जब भी वह ड्यूटी पर बाहर निकलती है,मरीजों को देखने के लिए प्रभारी डॉक्टर उनके एचडबल्यूसी की फोटो खींचकर उनसे स्पष्टीकरण मांगते हैं। वह लगातार उन्हे प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं। गांव वालों की शिकायत की बात प्रभारी करते हैं। गांव वालों की शिकायत के बात पर प्रभारी स्पष्टीकरण मांगते हैं। जबकि गांव वाले कोई शिकायत नही करते हैं। सीएचओ रेणु कुमारी वीडियो में सिविल सर्जन और डीसी से ट्रांसफर की गुहार लगा रही है। उनका कहना है कि उन्हे किसी दूसरी जगह ट्रांसफर कर दी जाय। वहीं इस मामले में बलियापुर स्वास्थ केंद्र प्रभारी राहुल कुमार ने सीएचओ द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि सुनियोजित ढंग से मुझे फंसाने के लिए एक षडयंत्र रची जा रही है। जो कि नही होनी चाहिए। हम सभी यहां फैमली की तरह काम करते हैं। आखिर अन्य जगहों से क्यों नही आरोप लगता है।

### भाजपा धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों, जिला पदाधिकारियों की हुई बैठक

## नामांकन और जनसभा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं : सांसद



संवाददाता

**धनबाद ।** भाजपा धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्षों तथा प्रमुख कार्यकताओं की एक बैठक महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। नामांकन और जनसभा दोनों कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसके लिए सभी संकल्पित होकर लग जाए।

धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा में सभी प्रयास करें की नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थित हो। धनबाद विधानसभा से ऐतिहासिक उपस्थित होगी।लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा की ये चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा की सफलता धनबाद लोकसभा से भाजपा के विजय की नींव रखेगी। इसलिए आप सभी 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन और जनसभा की सफलता के लिए लग जाए।

लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर लग गए हैं निश्चित रूप से धनबाद में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड विजय प्राप्त करेगी।

महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि 30 तारीख को होने वाले नामांकन और जनसभा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के सभी 1159 बूथों का प्रतिनिधित्व होगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नितिन भट्ट तथा जिला उपाध्यक्ष संजय झा ने किया ।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरि प्रकाश लाटा,महावीर पासवान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल,भरत यादव,रमेश राही,राजकुमार अग्रवाल, ज्ञानरंजन सिंहा,जिला महामंत्री रवि सिंहा,जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, मानस प्रसून,वीरेंद्र हांसदा,उमेश यादव, जिला मंत्री सुरेश महतो,सुमन अग्रवाल, मिल्टन पार्थ सारथी,राजकिशोर जेना,रजनीश तिवारी,सुशील सिंह,योगेंद्र यादव,रामदेव महतो, प्रितपाल सिंह अजमानी,विकास मिश्रा,आनंद खंडेलवाल,मौसम सिंह,निर्मल प्रधान, राजकुमार मंडल, शिवांश श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

## दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू की सदस्यता ली



संवाददाता

**धनबाद ।** कतरास के श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स के प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान टुंडी विधानसभा क्षेत्र के मतारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पंचानंद रजवार के साथ कई सामाजिक कार्यकताओं ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थिति में जदयू पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकताओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी । इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा में लगातार सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। इससे पार्टी मजबूत होगी और लोकसभा चुनाव में एनडीए को लाभ होगा। पार्टी में शामिल होने वालों में मतारी निवासी पुरन रजवार, मो० फिरोज अंसारी, जिएलगढ़ा निवासी रोहन महतो , शक्तिपुर निवासी अशोक कुमार गोप, अमित गोप, उत्तम गोप, तथा सोंरीयाटांड निवासी बद्री सिंह शामिल हैं। इस अवसर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप,पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, महेंद्र दास, तारा बाबू, आनंद गोप,प्रिंस कुमार,काली चरण कुम्हार आदि उपस्थित हुए।

## गोमो, कोडरमा के रास्ते पुरी- आनंद विहार टर्मिनल के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन

**धनबाद ।** ग्रीष्मकालीन ऋतु के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा एवं सुगम आवागमन हेतु गोमो, कोडरमा के रास्ते पुरी- आनंद विहार टर्मिनल के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी। गाड़ी संख्या 08481/ 08482 पुरी- आनंद विहार टर्मिनल- पुरी स्पेशल (भुवनेश्वर- कटक- चांडिल- मुरी- बोकारो- गोमो- कोडरमा- गया- डीडीयू- प्रयागराज- कानपुर- टुंडला के रास्ते, गाड़ी संख्या 08481 पुरी- आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 तक प्रत्येक सोमवार को पुरी से 23.45 बजे खुलकर मंगलवार को 13.00 बजे गोमो पहुंचेगी और यहाँ से 13.05 बजे आगे के प्रस्थान करेगी। 14.00 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहाँ से 14.02 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं बुधवार को 09.50 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

## शिव मंदिर के पुजारी ने पड़ोसियों पर लगाया मंदिर की चारदीवारी तोड़ने का आरोप



संवाददाता

**धनबाद।** गोबिंदपुर थाना क्षेत्र के पाथुरिया पंचायत के पतरिंग गांव के निवासी सह शिव मंदिर के पुजारी नागेंद्र नाथ मंडल ने अपने पड़ोसी आनंद मंडल, अमित मंडल, ममता मंडल तीनों के ऊपर शिव मंदिर के चारदीवारी को तोड़ने का आरोप लगाया है। जहां शिव मंदिर के पुजारी नागेंद्र नाथ मंडल ने गोबिंदपुर थाने में तीनों पड़ोसियों के ऊपर शिकायत दर्ज करा दी है। इस दौरान मंदिर के पुजारी नागेंद्र नाथ मंडल ने मीडिया के समक्ष कहा कि यह विवाद मंदिर के जमीन को लेकर है। वर्षों पहले इन्होंने मुझे अपना जमीन बेच दिया था। जहां मैंने इस जमीन पर 2008 में शिव मंदिर की स्थापना की थी। जहां मेरे पड़ोसियों के द्वारा लगातार मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है एवं मुझे बार बार जबरन यह कहा जा रहा है कि तुम मंदिर को छोड़कर चले जाओ। ताकि ये लोग मंदिर के जमीन का कब्जा कर सकें। मंदिर के पुजारी ने कहा कि मैंने इस मामले को लेकर कई बार पंचायत भी कराया। लेकिन वावजूद इसके अमित मंडल, आनंद मंडल एवं ममता मंडल पंचायत को मानने से इंकार कर दिया। हालांकि इस दौरान मीडिया के द्वारा दुसरे पक्ष अमित मंडल, आनंद मंडल एवं ममता मंडल सभी से संपर्क करने का प्रयास किया। परंतु इन सभी से संपर्क नहीं हो पाया।

शिविर

### सिविल कोर्ट में न्यायाधीशों ने किया रक्तदान

## वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है : न्यायाधीश




संवाददाता

**धनबाद ।** रक्तदान महादान यह कहावत बिल्कुल यथार्त है। रक्त के बिना इंसान हो या कोई जीव जंतु जीवित नहीं रह सकता। शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिविल में 12 न्याय पदाधिकारी 8 अभियोजन पदाधिकारी लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों, सिविल कोर्ट के कर्मचारी, अधिवक्ताओं और दलसा के पैरा लीगल वालंटियर ने 26 यूनिट रक्तदान किया। सबसे पहले रक्तदान धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मना ने किया। इसके बाद अवर न्यायाधीश मिताश बरला, प्रथम श्रेणिक न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडेय, अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश, उनकी पत्नी मिनल प्रकाश, उमेश दीक्षित, पुलिस जयकुमार स्वामी, सौरभ सरकार, अभिजीत कुमार साधु, पंकज कुमार श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश, संदीप कुमार, अरुण कुमार, रघुनाथ महतो, सुमन पाठक, शैलेंद्र झा, नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, हेमराज चौहान, जगदेव बनर्जी, चंदन कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, शमशेर आलम, अनूप कुमार व अशोक कुमार ने दोपहर 12:00 बजे तक रक्तदान किया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह दलसा के अध्यक्ष राम शर्मा ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है। अवर न्यायाधीष निताशा बारला ने कहा कि दलसा मुफ्त कानूनी सहायता के अलावा सामाजिक कार्यों में बढ़-चल कर हिस्सा लेती है और इसी कड़ी में आज के इस रक्तदान शिविर आयोजन किया गया है। मौके पर अवर न्यायालय मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी त्रिपाठी, एसएनएमसीएच के डॉक्टर बीके पांडेय, अशोक शर्मा, संजीव कुमार, राजू महतो, शंभू साहनी, विष्णुपद कुंभकार, टेक्नीशियन, प्रार्थना गुप्ता, प्रियंका कुमारी, प्रेरणा, पारा लीगल वॉलिंटियर्स राजेश सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**अधिवक्ताओं और दलसा के पैरा लीगल वालंटियर ने 26 यूनिट रक्तदान किया**

## आज के समाज में मित्र का दुश्मन मित्र ही बन गया है : महाराज देवकीनंदन ठाकुर



संवाददाता

**धनबाद ।** निरसा मे श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस की शुरूआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज ने कथा पंडाल में बैठे सभी भक्तों को ₹भजन कर मस्त जवानी में बुढ़ापा किसने देखा हैद्व भजन श्रवण कराया। कहा कि मनुष्य को हमेशा सत्संग सुनना चाहिए, सत्संग को सुनने से मनुष्य का कल्याण होता है। भगवान का नाम रोज लेने से मनुष्य का कल्याण हो जाता हैं। जो भी मनुष्य सच्चे मन से भगवान का जाप और नाम नहीं लेता है उस मनुष्य का कभी भी कल्याण एवं उद्धार कभी भी नहीं हो सकता है। हर मनुष्य को भगवान कृष्णा की पूजा करनी चाहिए। कथा में कहा कि आज समाज में मित्र का दुश्मन मित्र हीं बन गया है। आज मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए अपने मित्र की हीं हत्या कर देता है। रामायण में भी कहा गया है कि जो लोग अपने मित्र का दुःख देखकर दुखी नहीं होते है ऐसे लोगों को देखने से पाप लगता है। मित्र का धर्म होता है कि अगर उसका मित्र संकट में है तो वह अपने मित्र की रक्षा करे। भगवान श्री कृष्णा अपने भक्तों की रक्षा हमेशा करते हैं। मनुष्य को अपने हर कार्य को समय पर करना चाहिए, काम से फुर्सत मिलने पर मनुष्य को भगवान की भक्ति करनी चाहिए जिससे उसका कल्याण हो सके।

# ई-रिक्शा रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

- शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह एक अनूठी पहल
- शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप ने निकाली ई-रिक्शा रैली
- मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी

संवाददाता

**गढ़वा।** मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को परिसदन भवन गढ़वा परिसर से स्वीप



कार्यक्रम के तहत जिले के ई-रिक्शा चालकों के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन मुददत्त (I.A.S) ने हरी झंडी दिखाकर ई रिक्शा को रवाना किया। मौके पर स्वीप नोडल पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता रंका, प्रमेश कुशवाहा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुशील कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह एक अनूठी पहल है। अबकी बार 80 पार के नारे के साथ जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढाने का पूरजोर कोशिश कर रहा है। मौके पर 13 मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के दिन सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी।

## एक नजर

### मतदान से मजबूत होता है लोकतंत्र : बीडीओ



**नीलांबर/पीतांबरपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग ने कवायद तेज कर दी है। स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार सुबह 9 बजे बाइक रैली निकाली गई। प्रखंड कार्यालय नीलांबर पीतांबरपुर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेसनी केरकेट्टा ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मतदान की अहम भूमिका है। बाइक रैली प्रखंड कार्यालय से झरकटिया मोड होते हुए लेस्लीगंज गांधी चौक से प्रखंड कार्यालय पहुंची। रैली के दौरान मतदाता जागरूकता के लिए कई स्लोगन भी कर्मियों द्वारा लगाए गए। मौके पर अंचल निरीक्षक महेंद्र राम , जेएसएलपीएस के कर्मी, प्रखंड कार्यालय एवं थाना के कई कर्मी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### गढ़वा जिले के बिशनपुरा बीडीओ का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद

**गढ़वा।** जिले के बिशनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा का शव बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और छानबीन कर रहे हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी का शव उनके सरकारी आवास के कमरे से बरामद हुआ है। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ बरामद हुआ है। पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है। स्थानीय कर्मियों के अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी शुक्रवार की दिन रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में चले गए थे। शनिवार को प्रखंड कर्मी बीडीओ के कमरा खुलने का इंतजार कर रहे थे कर्मियों को जरूरी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवाना था। दोपहर के दो तक प्रखंड विकास पदाधिकारी का दरवाजा नहीं खुला था। कर्मियों ने काफी देर तक दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। बाद में कर्मियों ने अंदर झांक कर देखा गया तो प्रखंड विकास पदाधिकारी का शव संदिग्ध अवस्था में दिखा। प्रखंड कर्मियों ने तत्काल इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय थाना को भी दी।

### बुलेट मोटरसाइकिल पर प्रशासन लिखवाना पड़ा महंगा

**हुसैनाबाद/ पलामू।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के बुलेट मोटरसाइकिल के पिछे वाले प्लेट पर प्रशासन लिखवाने का मामला सोशल मीडिया में आने के बाद जांच के दायरे में आ गया है। इस मामले में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर स्वतः संज्ञान लेते हुए अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने पत्र में कहा है कि 24 अप्रैल को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रखंड विकास कार्यालय में कार्यरत लिपिक मो. इसराइल (प्रभारी प्रधान सहायक) ने निजी मोटरसाइकिल के नंबर प्लेट पर वाहन निबंधन संख्या की जगह प्रशासन लिखा पाया गया है। जो नियमानुसार गलत है। अंचल अधिकारी ने इस परिपेक्ष्य में वायरल वीडियो की गहनता पूर्वक जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें कृत कार्रवाई से अवगत कराने का पत्र थाना प्रभारी को दिया है। ताकि उपरोक्त मामले से उपायुक्त को अवगत कराया जा सके।वही प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने भी परखण्डकर्मी मो इसरायल को शोकॉज नोटिस किया है।

### जहरीला पदार्थ का सेवन कर 20 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के निवासी जय प्रकाश यादव की पुत्री किरण कुमारी उम्र 20 वर्ष शनिवार की सुबह घरेलू विवाद के कारण घर में रखे जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास की। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा किरण को इलाज के लिए रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी किरण की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के कचहरी चौक के पास शनिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहन को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक तलासी ली गई। वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट और कागजात के कुल 18 वाहनों को पकड़ा गया। 17 वाहन को फाइन के लिए डीटीओ के पास भेज दिया गया है। जबकि एक वाहन को सीजीएम कोर्ट फाइन के लिए भेजा गया है।

## सगालीम में पान दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ़्तार

संवाददाता

**पांकी (पलामू)।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसके बावजूद शराब कारोबारी शराब की अवैध धंधा छोड़ नहीं रहे हैं। शराब कारोबारी इन दिनों विभिन्न तरीके का हथकंडा अपनाते हुए शराब का अवैध कारोबार कर रहे हैं। पान दुकान के आड़ में शराब की अवैध बिक्री खुलेआम हो रहा है। जिसे सड़क दुर्घटनाएं काफी बढ़ गया है। पान-किराना दुकान के आड़ में शराब की अवैध धंधा खुलेआम हो रहा है। गुप्त सूचना का आधार पर पांकी थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम छापेमारी कर सगालीम बस स्टैंड से अवैध शराब के साथ शराब बेचने वाले दो दुकानदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों दुकानदारों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार दोनों को जेल भेज दिया है । पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि सगालीम बस स्टैंड में पान दुकान के आड़



में शराब की अवैध कारोबार किया जा रहा है। इसी सूचना पर पुलिस ने सगालीम में रोहित कुमार सिंह (पिता राजकुमार सिंह) और उपेंद्र कुमार (पिता राजनाथ राम) के पान - किराना दुकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दोनों दुकान से बड़े पैमाने पर अवैध शराब के बोतले बरामद किया गया।

रोहित कुमार सिंह के पान दुकान से कुल 67 पीस (बियर और अंग्रेजी शराब) और उपेंद्र कुमार के पान दुकान से 26 पीस (बियर और अंग्रेजी शराब) बरामद किया गया। बताया जाता है कि इसके पूर्व भी उपेंद्र कुमार के दुकान से अवैध शराब बरामद किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पान दुकान के आड़ में दोनों दुकानदार लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार कर रहे थे। रात दो बजे तक दुकान खोलकर शराब बेचते थे। उन्होंने बताया कि शराब की अवैध कारोबार करने वालों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा।

## लोकसभा चुनाव के दौरान शराब माफियाओं पर रखे नजर : एसडीओ



संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद क्षेत्र के अंतर्गत लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण कराने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएस पियुष सिन्हा ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झारखंड सीमा स्थित गांव पथरा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेक पोस्ट पर उपस्थित सुपरवाइजर सहित के जवानों को कई निर्देश दिए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसे लेकर पूरे क्षेत्र में 144 धारा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि 144 धारा को हर सभी को पालन करना अति आवश्यक है नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सीमा के गांव पथरा पिपरडिह चेक पोस्ट पर पुलिस चौकसी बरते उन्होंने कहा कि चेक के नाका पर प्रतिदिन वाहन चेकिंग किया जाएगा। उन्होंने लोगों को अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सफा करते हुए लोकसभा चुनाव को स्थानीय प्रशासन दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान स्थानीय पुलिस शराब माफिया पर पहली नजर रखें निरीक्षण के दौरान एसडीओ पियुष सिन्हा ने पथरा चेक पोस्ट प्रखंड मजिस्ट्रेट मोहम्मद सफीर आलम हुसैनाबाद थाना एसएसआई वीरेंद्र, एसएसआई सीताराम, चौकिदार सहित सीआरपी जवान उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है पांकी की कई सड़कें: विधायक

संवाददाता

**नीलांबर/पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के कुंदरी पंचायत में मुंशी मोची के घर से मुरूबार सीवान तक ग्रामीण कार्य विभाग (आरयूओ) से पीसीसी सड़क निर्माण हुए एक किलोमीटर सड़क अभी एक वर्ष भी नहीं हुए हैं। कि जगह-जगह सड़क टूटने लगी है। ग्रामीणों की लगातार शिकायत मिलने पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने शनिवार को उक्त सड़क पर पहुंचकर सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस सड़क निर्माण के समय ही ठेकेदार द्वारा भारी गड़बड़ी की गई है। निर्माण कार्य के दौरान घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। विभाग द्वारा योजना का नियमित अनुश्रवण नहीं किए जाने से संवेदक ने प्राक्कलन के मुताबिक कार्य नहीं कराया यही कारण है कि सड़क समय से पहले ही जगह-जगह पर टूटने लगी है और दरारें पड़ने लगी है। विधायक डॉ मेहता ने अपने हाथों से कई जगह पीएससी सड़क का गिट्टी हटाए जो आसानी से हाथ से ही सड़क की गिट्टी निकलने लगी विधायक ने तत्काल कार्यपालक अभियंता को



दूरभाष के माध्यम से सड़क में की गई अनियमितता के बारे बता कर कहा कि यह सड़क दोबारा से अब तोड़कर बनाना पड़ेगा तथा सड़क के गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच की करवाई जाएगी। तथा उन्होंने संवेदक को काली सूची में नाम शामिल करवाने की बात कही ।

उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में कुछ ऐसे ठेकेदार भी हैं जो टेंडर लेकर घटिया निर्माण कर पैसे को डकारने में लगे हैं ।जो कि हमने हमेशा विभाग और सरकार को भी ध्यान आकर्षित करने आए हैं। इसके वाजूद भी पांकी विधानसभा क्षेत्र में घटिया निर्माण कार्य करवाने वाले ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। तथा कई सड़के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी।

**क्या कहते हैं कार्यपालक अभियंता :** कार्यपालक अभियंता विशाल खालको ने बताया कि माननीय विधायक के द्वारा उक्त सड़क के बारे में मुझे जानकारी प्राप्त हुई उसके बाद हमने जेई के साथ उक्त सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि सड़क पर भारी वाहन के परिचालन के कारण टूट गई है।खराब हुई सड़क को अलग-अलग जगहो पर लगभग 300 फीट सड़क एक सप्ताह के अंदर काटकर दोबारा ढालने के लिए संवेदक को निर्देश दिया गया। तथा उक्त सड़क में हाई गेज लगवाने का निर्देश दिया गया है। जिसमें भारी वाहन का प्रवेश वर्जित किया जा सके है।

**क्या कहते हैं संवेदक :** संवेदक अनुपम सिंह ने बताया कि सड़क ढलाई करने के कुछ दिन बाद ही ओवर लोड हाईवा और ट्रैक्टर चलने के कारण कुछ जगह पर सड़क टूट गई है जिससे दो-तीन दिन के अंदर ठीक करवा दिया जाएगा।

## पांकी : स्वीप के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



संवाददाता

**पांकी।** स्वीप कार्यक्रम के तहत पांकी प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। पांकी बीडीओ अरूण कुमार मुंडा, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह ने मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया। शनिवार को पांकी जरही मोड़, कपूर्री चौक, भगत चौक सहित प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता यात्रा निकाली गयी। मौके पर मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तार से बताया गया। मौके पर जेएसएलपीस के बीपीएम, सीसी कैडर एवं दीदी समूह की महिला कर्मी उपस्थित थीं।

### एसपी पहुंची छतरपुर

**पलामू।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन नौडीहा बाजार व छतरपुर पहुंची और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। एसपी ने वहां पर मौजूद ग्रामीणों का उत्साह बढ़ाया. आगामी 13 मई को मतदाताओं से वोट करने की अपील की। शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया. एसपी ने खासकर महिलाओं को मतदान के लिए काफी प्रेरित किया। मौके पर छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, छतरपुर थाना प्रभारी समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## सजायाप्ता बन्दी से मिले डालसा सचिव

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव शनिवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सजायाप्ता बन्दी से मिले और उन्होंने कहा कि जो सजायाप्ता बन्दी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाए हैं, उनको अपील करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाए बन्दी बिना अपील किए नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बन्दियों को मुक्त में अपील करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कई बन्दियों का अपील माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल कराया गया है। वही जो बन्दी अपील के लिए रह गए हैं उनका भी अपील माननीय उच्च न्यायालय में सरकारी खर्च पर दाखिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के कमजोर व बंचित लोगों को। मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में बंदी आवेदन भेज सकता है।

## अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर हुई बैठक

### केंद्रीय बलों के आवास और मूलभूत सुविधाओं में कमी नहीं हो : रंजन

- निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये साथ ही एसेंशियल सर्विसेज की श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का



मतदान लोकसभा चुनाव 2024 में सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसेंशियल सर्विसेज के नोडल पदाधिकारियों से सभी योग्य मतदाता का नाम निर्धारित 12 डी फॉर्म में जमा कराने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने कहा कि केंद्रीय बलों के आवास और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो, पदाधिकारी इसका ख्याल रखें। सभी क्लस्टर पर पेयजल, शौचालय, बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हो। उन्होंने पुलिस और पोलिंग पार्टी के आने-जाने और रहने की पूरी व्यवस्था के साथ समन्वय बनाने हेतु टैग कीये गये रोजगार सेवक के साथ लगातार संपर्क में रहने की बात कही।

उन्होंने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का मतदाताओं के बीच ससमय वितरण कराने के निर्देश दिये। उपरोक्त के अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिये। मौके पर सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### दो टैंकर में लोड 60 हजार लीटर स्प्रिट सहित एक गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** जिले पीपराकोठी के वाटगंज में मघनिषेध इकाई पटना व जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 60 हजार लीटर स्प्रिट से भरा दो टैंकर व चरस बरामद करते हुए एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इस बाबत पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्र ने बताया है कि लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। ऐसे में शराब व शराब धंधेबाजों की भी लगातार टोह ली जा रही है। गुप्त सूचना पर वाटगंज स्थित फौजी लाइन होटल से 2 टैंकर सहित 60 हजार लीटर स्प्रिट,1 किलोग्राम चरस,टोयटा की अर्बन क्रूजर कार व 1 मोबाइल फोन जब्त किया गया है। गिरफ्तार तस्कर राजेश सिंह मोतीपुर थाना क्षेत्र का शातिर शराब कारोबारी है। इसके विरुद्ध मोतीपुर थाने में वर्ष 2011,13 एवं 18 में तीन उत्पाद अधिनियम का केस दर्ज है। पुलिस जब्त मोबाइल का कॉल डिटेल्स निकालकर शराब के सिंडिकेट में जुड़े अन्य तस्करों की खोज में छापेमारी शुरू कर दी है।

### करंट से दो सगे भाईयों और भांजे की मौत

**पटना।** बिहार में नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तालाब किनारे करंट से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद एक महिला की तबीयत बिगड़ गयी। मृतकों में दो सगे भाई और एक उनका भांजा है। पुलिस के मुताबिक एक परिवार के कुछ युवक तालाब के पास पहुंचे थे, जहां लगे तार में करंट दौड़ रहा था। सभी इस बात से अंजान थे। जैसे ही एक युवक तालाब के करीब पहुंचा तो करंट के संपर्क में आ गया और छटपटाने लगा। उसे बचाने के लिए मौके पर मौजूद उसके दोनों मामा वहां पहुंच गए। करंट ने उन्हें भी जद में ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में तीनों लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीनों की मौत की पुष्टि हुई। इस हादसे की खबर सुनकर मृतक के परिवार की एक महिला की तबीयत भी बिगड़ गयी।

### बैनर लगाकर मतदाताओं को जागरुक कर रहा है दवा व्यावसायिक संघ

**अररिया।** पिछले दो चरण में हुए मतदान के प्रतिशत में गिरावट को लेकर विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों ने मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में फारबिसगंज केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से चुनाव में मतदान करने के लिए आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है।इस मुहिम के तहत शहर के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों में इस आशय का बैनर लगाया गया है। मतदाता जागरण अभियान के तहत संघ के संरक्षक विनोद सरावगी, शाखा अध्यक्ष सह बीसीडीए के ईस्ट जोन के संयुक्त सचिव अवधेश कुमार साह, सचिव मनोज कुमार भारती ,उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण सोनु, प्रशासनिक सचिव राकेश रौशन, समन्वयक गणेश यादव, सतीश कुमार साह आदि ।

### इमारत में लगी भीषण आग

**सिलीगुड़ी।** बागडोगरा में एक बहुमंजिली इमारत में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। करीब साढ़े बारह बजे स्टेशन मोड़ इलाके में एक डॉक्टर के चैंबर के जेनरेटर रूम में आग लगी। जिससे इमारत से सटा एक लॉज क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर के समय डॉक्टर चैंबर के एक कर्मचारी ने लोडशेडिंग होने पर जनरेटर चलाया। कुछ ही देर बाद जनरेटर घर में आग लग गई, जो देखते ही देखते इमारत में फैल गई। इमारत से काला धुआं निकलने लगा। जिससे इमारत के अन्य व्यवसायी घबरा गए। सूचना पर माटीगाड़ा, नक्सलबाड़ी और सिलीगुड़ी से एक-एक इंजन मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि घटना में इमारत को आंशिक क्षति पहुंची है लेकिन इमारत के बगल का एक लॉज पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग जनरेटर में शॉर्ट सर्किट के कारण से लगी है।

### मतदान कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने लिया जायजा

**अररिया।** अररिया के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी इनायत खान ने शनिवार को अररिया पब्लिक स्कूल, स्टार ग्लोबल पब्लिक स्कूल एवं स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में मतदान कर्मियों को दिये जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अररिया द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लेते हुए प्रशिक्षणार्थियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र पर सभी मतदान पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सभी मतदान पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर टीम भावना के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपेट के संचालन का भी सावधानी पूर्वक प्राप्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अररिया द्वारा सभी विधानसभा हेतु चिन्हित डिस्पैच सेंटरों पर अब तक की गई अद्यतन तैयारियों का भी जायजा लिया गया।

## इमोशनल कनेक्ट व ओबीसी कार्ड से अररिया-कोसी को साध गए नरेंद्र मोदी

# बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है : पीएम

**तीसरे फेज की पहली चुनावी सभा में 10 दिन बाद फिर सीमांचल दौरे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक तीर से कई निशाने साधे**



एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज के अपने चुनावी सभा की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीन बार भारत माता की जय, किसी भी जाति बिरादरी में पैदा हुआ हो घर के बड़े बुजुर्ग का इलाज अब दिल्ली में बैठा आपका बेटा कराएगा आदि भावनात्मक भाषण लोगों के दिल को छू गया। तीसरे फेज की पहली चुनावी सभा में 10 दिन बाद फिर सीमांचल दौरे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक तीर से कई निशाने साधे वही, पीएम ने कहा पहले चरण के मतदान के बाद और आज अब तक मिली जानकारी के मुताबिक एक बात साफ है बिहार की जनता ने डंके की चोट पर संदेश दे दिया है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। आज बिहार में परिवारवाद हार रहा है। कहा कि एनडीए की पहचान है, जो कहते हैं वो करते हैं। आत्मनिर्भर बिहार का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने में जरूर सफल होंगे। वही पीएम मोदी ने महिला वोटरों को साधते हुए देश के संसाधन पर अगर पहला हक देश के गरीब किसान मजदूरों के साथ मुख्यरूप से हमारी मां बहनों का है वह किसी जाति धर्म का हो। वही महिला वोटरों को साधते हुए कांग्रेस को आरे हाथ लिया पीएम ने कहा कांग्रेस आपके मंगलसूत्र तक एक्सरे और गहने तक का हिसाब किताब की बात करते है। आपकी बची हुई संपत्ति छीनकर अपने वोट बैंक को देने की बात करते है।आप चाहते है की आपके जाने बाद भी आपके संपत्ति पर टैक्स लगाएगी इंडी गठबंधन को रोक सकते है। इसलिए 07 मई को कमल और तीर के निशान पर भारी मतदान होनी चाहिए। बिहार की हर मां, बिहार की हर बेटी आज हम सबको आशीर्वाद दे रही है, यही तो लोकतंत्र की ताकत है। अगर बिहार में पहले जैसी हालत होती तो गरीब का यह बेटा कभी भी प्रधानमंत्री नहीं बन पाता। आज जब गरीब को अपना अधिकार मिला है तो उसने देश की राजनीति की दिशा तय करने की कमान संभाल ली है। अब उसने सिर्फ अपना ही नहीं, देश के भविष्य और देश की आकांक्षा को पूरा करने में भी उतना ही भागीदार रहा है।

### जीविका समूह ने किया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**पूर्वी चम्पारण।** जिले के घोड़ासहन प्रखंड क्षेत्र के बरवाकला पंचायत में जीविका के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान जीविका दीदियों ने पहले मतदान तब जलपान,पहले मतदान तब कोई काम जैसे नारों के साथ रैली निकाली। साथ ही अन्य कई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। संकुल संघ बगही भेलवा, घोड़ासहन की जीविका दीदियों ने शपथ कार्यक्रम, जागरूकता रैली व ग्राम भ्रमण कर ग्रामवासियों को मतदान के महत्त्व से सम्बंधित जानकारियां भी दी।गई। जीविका बीपीएम अतुल मोहन झा ने बताया कि जीविका दीदियों द्वारा लोकतंत्र के इस महापर्व मतदान में उत्साहित होकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।उन्होने कहा की मतदान के दिन पहले मतदान करें।

## डीएम इनायत खान ने ज़िला के सभी डिस्पैच सेंटरों का निरीक्षण किया



संवाददाता

**फारबिसगंज/अररिया।** लोकसभा चुनाव अररिया संसदीय क्षेत्र में तीसरे चरण 07 मई 2024 को मतदान होना है। इसे लेकर अररिया डीएम इनायत खान ने जिलें के विभिन्न फैसिलिटेशन सेन्टर, सभी प्रशिक्षण स्थल एवं अररिया जिला अन्तर्गत सभी विधानसभा हेतु चिन्हित डिस्पैच सेंटरों पर चुनाव को लेकर अबतक की गई तैयारियों का निरीक्षण शनिवार को किया। निरीक्षण कें क्रम में पाया गया कि जिला स्तर पर मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, फैसिलिटेशन सेन्टर पर मतदान कर्मी/आवश्यक सेवा, श्रेणी के मतदाता के लिए पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान की प्रक्रिया सहित निर्वाचन से संबंधी समस्त तैयारियां प्रगति पर है। अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अररिया पब्लिक स्कूल, अररिया में बनाये गये फैसिलिटेशन सेन्टर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पोलिंग कर्मियों के लिए की गई मतदान की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अररिया नोडल पदाधिकारी -सह- सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सोनी कुमारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में बताया गया कि सभी आवेदकों को द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान डाक मतपत्र उपलब्ध कराने एवं मतदान की व्यवस्था के लिए जिला स्तर पर अररिया पब्लिक स्कूल, अररिया में अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत प्रत्येक 06 विधानसभा के लिए 06 काउन्टर तथा अन्य जिला के मतदाताओं के लिए एक अतिरिक्त काउन्टर की व्यवस्था की गई है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित द्वितीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम 27.04.2024 से 30.04.2024 तक निर्धारित है। प्रशिक्षण प्रत्येक दिवस दो पाली में आयोजित की जा रही है। मौके पर नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग वसीम अहमद, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग एवं संबंधित पदाधिकारी गण तथा मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे।

## संदेशखाली में सीबीआई और एनएसजी ने देर रात तक चलायी तलाशी अभियान




एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भारी मात्रा में बंदूकें, गोली-बारूद और बम बरामद किए जाने के बाद से यह इलाका एकबार फिर सुर्खियों में है। इसके लिए सीबीआई के साथ-साथ सेंट्रल फोर्स और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के जवान लगाए गए थे। एनएसजी कमांडोज ने खासतौर पर डिजाइन किए गए रोबोट के जरिए संदेशखाली में तलाशी अभियान चलाया और बमों को बरामद कर निष्क्रिय किया। सीबीआई की ओर से बताया गया है कि रात 10:00 बजे तक तलाशी अभियान चलाया गया। शाहजहां शेख के करीबी रिश्तेदार अबू तालेब मुल्ला के घर छापेमारी की गई थी। यह घर भी बहुत खास जगह था। चारों तरफ से यह मछली पालन करने वाले तालाबों से घिरा और मुख्य सड़क से बिल्कुल कटा हुआ था। वहां जाने के लिए ईंटों की एक पतली सड़क बनी हुई थी। कुल मिलाकर इस घर पर किसी का भी संदेह जल्दी नहीं होगा और बहुत कम लोगों का यहां आना-जाना था। सीबीआई की ओर से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की छापेमारी के दौरान शाहजहां के लोगों ने हमला कर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों व ईडी अधिकारियों के सामान व हथियार छीन लिए थे। वहां से ऐसी ही कई चीजें बरामद हुई हैं। यहां से शाहजहां के कई सचित्र पहचान पत्र और दस्तावेज बरामद किये गये हैं। सीबीआई की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक तलाशी के दौरान तीन विदेशी रिवॉल्वर, एक भारतीय रिवॉल्वर, पुलिस द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कोल्ट कंपनी की रिवॉल्वर, एक विदेशी पिस्तौल, एक देसी बंदूक, नाइन मिमी की 120 गोलियां, 50 कारतूस प्वाइंट 45 कैलिबर के 120 कारतूस, प्वाइंट 380 के 50 कारतूस, प्वाइंट 32 के आठ कारतूस बरामद किये गये हैं। शुक्रवार को सीबीआई और एनएसजी के अधिकारी दिनभर की तलाशी के बाद रात 9:54 बजे संदेशखाली के सरबेरिया मल्लीरपुर में अबू तालेब मोल्ला के घर से निकले। एनएसजी ने इस घर से कुछ किलोमीटर दूर एक सुनसान जगह पर रेत की बोरियों से घेर कर चार बमों को निष्क्रिय कर दिया।

## मशहूर चित्रकार प्रकाश कर्मकार की याद में प्रदर्शित होगा 'एक्सीविशन ऑफ प्रकाश पाइन'




संवाददाता

**कोलकाता।** मशहूर चित्रकार प्रकाश करमाकर के निधन के 10 साल बाद उनकी याद में गैलरी गोल्ड में बड़े पैमाने पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है 'एक्सीविशन ऑफ प्रकाश पाइन' यह 7 मई से शुरू होकर 12 मई तक चलेगा। इस चित्र प्रदर्शनी के मौके पर कोलकाता प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अबसर पर चित्रकार समीर आइच, गौतम दास, सुदीप बनर्जी और इलिना वानिक उपस्थित थे।

आई विथ इन आर्ट प्राइवेट द्वारा आयोजित इस दिन हर वक्ता ने कलाकार के असाधारण काम के साथ-साथ उनके चरित्र और व्यक्तित्व के बारे में भी बात की। इस कलाकार की तुलना दुनिया के किसी भी मशहूर चित्रकार से की जा सकती है। हालाँकि, इतने बड़े पैमाने के चित्रकार होने के बावजूद, वह एक आम आदमी की तरह रहते थे। ऐसे भी कंगाली की तरह पेट भर कर खाता था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद कलाकारों के साथ दिवंगत कलाकार प्रकाश कर्मकार का सम्मान और प्यार का रिश्ता था। इस चित्र प्रदर्शनी के अवसर पर, कलाकार की कई चित्र और विभिन्न चित्रकारों के लेखन से समृद्ध एक स्मारक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में जिन चित्रकारों की रचनाओं को शामिल किया गया है, उनमें गौतम दास, बिमान बिहारी दास, अरूप कुमार दत्ता, कालीकृष्ण गुहा, शुभप्रसन्न, प्रशांत दान, सुदीप बनर्जी, बांग्लादेश के नजमा अख्तर का उल्लेख किया जाना चाहिए और विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए। समीर आइच की कविता का। चित्रकार लेखकों द्वारा लिखी गई पुस्तक निश्चित रूप से सहेजने लायक है। इस किताब में चित्रकार प्रकाश कर्माकर के बारे में कई अज्ञात तथ्य जानेंगे।

### हसनाबाद में विस्फोट तृणमूल ने भाजपा पर साधा निशाना

**कोलकाता।** हसनाबाद में बीजेपी नेता के भाई के घर पर धमाका। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे शिमुलिया कालीबाड़ी इलाके में स्थानीय बीजेपी नेता निमाई दास के भाई के घर पर तेज विस्फोट हुआ। तेज आवाज से आसपास का इलाका हिल गया। पहले तो स्थानीय लोगों को लगा कि इलाके में बमबारी हुई है। स्थानीय भाजपा नेतृत्व के एक वर्ग ने दावा किया कि यह दुर्घटना रसोई गैस सिलेंडर फटने के कारण हुई। सूचना मिलने पर हसनाबाद पुलिस मौके पर गई। पुलिस ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि विस्फोट बम से हुआ था या कुछ और। उधर, विस्फोट के बाद तृणमूल नेता कुणाल घोष ने एक्स हैंडल पर लिखा, "बशीरहाट अंतर्गत हिंगलगंज के हसनाबाद पंचायत में भाजपा नेता निमाई दास के भाई के घर में रखे बम के विस्फोट से घर के लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

## टिफिन व्यवसायी के पुत्र ने जेईई मेंस परीक्षा में मारी बाजी



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल शहर के टिफिन व्यवसायी के पुत्र विशेष राज ने जेईई मेंस की परीक्षा में 98.5 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण कर जिले के मान को बढ़ाया है। विशेष के पिता रक्सौल शहर के नागा रोड स्थित बाबा मठिया के निवासी सुनील कुमार भगत पटना में भोजनबंद टिफिन का व्यवसाय करते है। जिन्होने अपने बेटे की सफलता पर आंखो में खुशी जाहिर करते बताते है,कि बिशेष ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई रक्सौल शहर के एस.ए.वी. विद्यालय से की और कड़ी मेहनत से इस मुकाम को हासिल किया है। उन्होने बताया कि विशेष ने मैट्रिक परीक्षा में 97 प्रतिशत मार्क्स हासिल किया,तो हमने ठान लिया कि बेटे को अच्छा मुकाम दिलायेगे।जिसके लिए उन्होने रक्सौल छोड़ कर पटना को अपना ठिकाना बनाया और बेटे को पढ़ाने के लिए पटना में टिफिन व्यवसाय शुरू किया और दफ्तर दफ्तर खाना पैक कर टिफिन पहुंचाने लगे।आज मेरे बेटे ने हमारे संघर्ष को एक मुकाम दे दिया। विशेष की इस उपलब्धि पर एस.ए.वी. विद्यालय के प्राचार्य साइमन रेक्स शिक्षक विक्टर डेका, मनदीप कुमार, कुंदन कुमार, रामभरोष कुमार, इंद्रजीत कुमार, अतुल सर्राफ, कृष्णा कुमार ने प्रसन्नता जाहिर करते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**चुनाव** | **लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच होने को करार दिया**

## चुनाव देश में दो विचारधाराओं के बीच : सुबोध मेहता

**● अररिया से राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम उच्च शिक्षित युवा है**




एजेंसी

**अररिया।** राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध कुमार मेहता ने 2024 के लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच होने को करार दिया। राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि एक विचारधारा वह है जो सिर्फ 10 प्रतिशत कॉरपोरेट घरानों का प्रतिनिधित्व करती है। दूसरी तरफ 90 फीसदी बहुजन आबादी वाली विचारधारा है, जो किसानों बेरोजगारों गरीबों छोटे व्यवसायियों के भविष्य की चिंता करती है। मेहता ने कहा कि अररिया से राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम उच्च शिक्षित युवा हैं। काफी संघर्षशील हैं। बिहार सरकार के आपदा मंत्री रहते हुए उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। लगातार जनता से उनका जुड़ाव रहा है और बांका के प्रभारी मंत्री रहते हुए जिले के कल्याण के लिए उन्होंने कई कार्य करवाए। निश्चित रूप से चुनाव जीतेंगे तो अररिया की जोरदार उपस्थिति सदन में रहेगी।

उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनेगी तो अररिया में भी उद्योग लगेंगे।उन्होंने कहा कि 17 महीने के हमारे बिहार सरकार ने साढ़े 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का काम किया। पर्यटन,स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया। कम समय में ऐतिहासिक रूप से जन सरोकारों से जुड़े मुद्दे निपटाए गए , राजद गठबंधन सरकार ने अपने बूते पर जाति जनगणना करवाई और उसके अनुरूप आरक्षण का दायरा बढ़ाया , ठीक इसी तरह देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते हैं राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराया जाएगा। किसानों के लिए स्वामीनाथन समिति की सभी सिफारिशें लागू की जाएगी उन्हें उनके फसलों पर एमएसपी दी जाएगी ,क्योंकि हमारे सरकार के एजेंडा में ही पढ़ाई कमाई दवाई सिंचाई कार्यवाही और सुनवाई है। इस अवसर पर जिला प्रधान महासचिव मनोज कुमार विश्वास ,जिला प्रवक्ता जगदीश या गुड्डू ,रामनारायण विश्वास ,महिला राजद जिला अध्यक्ष लवली नवाब,जिला महासचिव कमाले हक,युवा राजद के जिला मीडिया प्रभारी मोहतसिम अख्तर , युवा राजद प्रवक्ता शिवनारायण यादव , शेखर झा एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शुभेंदु अधिकारी ने की टीएमसी को आतंकी पार्टी घोषित करने की मांग



संवाददाता

**कोलकाता।** 26 अप्रैल को सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कई जगहों से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया था। इसके बाद से ही बीजेपी और टीएमसी के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। टीएमसी ने आरोप लगाया कि बीजेपी लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य को बदनाम करना चाहती है। वहीं, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि टीएमसी के पास आतंकवादियों और राष्ट्र विरोधी तत्वों को बचाने के लिए एक गुप्त समझौता है। शुभेंदु यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि ये सभी हथियार आतंकवादी इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में टीएमसी को आतंकवादी पार्टी घोषित किया जाना चाहिए और सीएम ममता बनर्जी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। शाहजहां शेख मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को संदेशखाली में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की थी और हथियार और गोला-बारूद बरामद किया था। वहीं, टीएमसी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि हमें जब्ती के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हमें सीबीआई पर शक है। मामले की जांच होनी चाहिए। बीजेपी चुनाव के दौरान बदनाम करने की फिराक में है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि हथियार जमा करना आतंकवाद का कृत्य है। जो देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने संदेशखाली में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

## एक नजर

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला खनन टास्क फोर्स समिति मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन/परिवहन/भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण पर विस्तृत चर्चा किया गया। खनन पदाधिकारी को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन/परिवहन/भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करें। जिला खनन पदाधिकारी को बालू घाट को लेकर ग्राम सभा करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुदीप सिंह, सूरज कुमार सिंह, रिया सिंह, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, सभी अंचलाधिकारी मौजूद रहे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में की बैठक समाहरणालय सभागार में किया गया। सर्वप्रथम उपायुक्त, द्वारा पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन के संबंध में समीक्षा की गई। उपायुक्त, कोडरमा द्वारा औषधि निरीक्षक, कोडरमा को जिला अंतर्गत H, H1 & श्रेणी के ड्रग्स बेचने वाले समस्त दुकानों मे लगाने हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन और अवैध तस्करी की रोकथाम के लिए पदाधिकारियों को ₹खड्ढल्ल३ अू३ड्ढल्ल स्त्र"ल्लर तैयार करने का निर्देश दिये। उपायुक्त, कोडरमा द्वारा तम्बाकु एवं बीडी सेवन के कुप्रभाव के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जिलास्तरीय सर्तकता कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बाल केन्द्रित स्थान यथा कोचिंग क्लास, कला केन्द्र एवं क्रिडा केन्द्र आदि से तम्बाकु एवं बीड़ी विक्रय करने वाले दुकानों को 100 मीटर की दूरी बनाये रखने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह , वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, प्रभारी सामान्य शाखा समेत अन्य मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दादा-दादी नाना-नानी सम्मान समारोह आयोजित

**गिद्दी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के द्वारा दादा-दादी, नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अरगड्डा एरिया के विभिन्न क्षेत्रों से भैया बहनों के दादा-दादी, नाना नानी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप में टोगी पंचायत की मुखिया रिंकी देवी, विद्यालय प्रबंधन कार्यकारणी के सचिव एवं कोषाध्यक्ष भी उपस्थित हुए। मुखिया रिंकी देवी एवं विद्यालय के सचिव सतीश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। वक्ताओ ने भारतीय संस्कृति को बचाए रखने पर प्रकाश डाला गया।

### हाईकोर्ट के आदेश पर जमशेदपुर अक्षेस ने होटल सेंटर पॉइंट पर कार्रवाई शुरू की



**जमशेदपुर ।** बीते 23 अप्रैल झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय और दीपक रौशन की अदालत में राकेश झा की ओर से दायर जनहित याचिका संख्या (2078/2018) में 1246 भवनों के अवैध निर्माण पर सुनवाई हुई थी। इस दौरान अदालत ने जमशेदपुर अक्षेस विभाग के अधिवक्ता से पूछा कि कितने भवन सील किए गए हैं या फिर तोड़े गए हैं। पहले यह बताएं। वहीं अदालत ने साफ साफ कहा कि पहले कुछ अवैध निर्माण को तोड़े। जिसके बाद ही उनकी दी गई तहरीर पर विचार किया जाएगा। साथ ही कमीशन की रिपोर्ट देखने के बाद विभाग के अधिवक्ता से कहा कि अदालत ने बेसमेंट में पार्किंग और कमर्शियल कांप्लेक्स बनाने की बात सुनी थी। मगर अब बेसमेंट में किचन बनाने की बात भी सामने आई है और यह कभी नहीं सुना था। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 30 अप्रैल को हाईकोर्ट में होगी। जिसके बाद जमशेदपुर अक्षेस विभाग ने शहर में नक्शा का विचलन कर बने जी प्लस टू से अधिक निमार्ण हुए 21 भवनों को कारवाई करने के लिए चिन्हित भी किया। जिसके तहत शनिवार जमशेदपुर अक्षेस विभाग की टीम दंडाधिकारी और पुलिस बल के साथ बिस्टुपुर स्थित होटल सेंटर पॉइंट पहुंची। अभी दो जेसीबी की मदद से होटल के सामने बने अवैध पार्किंग को तोड़ा ही जा रहा था कि पानी का पाइप फट गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव में प्रत्याशियों के व्यय की निगरानी को लेकर की बैठक

# चुनावी खर्च पर नजर रखने के दिए निर्देश: डीसी

**खर्चों का रिकॉर्ड संधारण के लिए अलग-अलग रजिस्टर बनाने का निर्देश भी दिया गया**




संवाददाता

**जमशेदपुर ।** समाहरणालय सभागार में शनिवार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में चुनाव व्यय की निगरानी के सम्बंध में बैठक आहूत की गई। जिसमें डीडीसी मनीष कुमार एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए सह वरीय पदाधिकारी व्यय लेखा कोषांग दीपांकर चौधरी मौजूद रहे। बैठक में सभी छह विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय पर्यवेक्षक (एईओ) व लेखा दल के सदस्य भी उपस्थित थे। बैठक में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के द्वारा प्रचार-प्रसार समेत अन्य कार्यों के लिए किए जाने वाले खर्चों के निगरानी से संबंधित विस्तृत जानकारी भी दी गई। साथ ही खर्चों का रिकॉर्ड संधारण के लिए अलग-अलग रजिस्टर बनाने का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च पर पैनी नजर रखें। प्रत्याशियों के लिए अधिकतम खर्च की सीमा 95 लाख रुपए निर्धारित है। प्रत्याशियों द्वारा किए गए प्रत्येक व्यय का नित प्रतिदिन अलग-अलग रजिस्टर में संधारित करना है तथा निर्धारित तिथि को राजनीतिक दल/प्रत्याशी के प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के व्यय निगरानी दल चुनावी खर्च के लेखा जोखा को आपस में मिलान करेगी। ऐसे में सभी अपने-अपने तय कार्य प्रणाली के अनुसार कार्य करते हुए अभ्यार्थियों के व्यय का निरीक्षण सुनिश्चित करें। पूरी पारदर्शिता एवं सूक्ष्मता के साथ व्यय का लेखा-जोखा संधारित करें। उन्होंने सभी टीमों को तकनीकी आधार पर संपूर्ण कार्यों के निष्पादन पर भी जोर भी दिया। वहीं पीडी आईटीडीए सह वरीय पदाधिकारी व्यय लेखा कोषांग ने कहा कि जिला के लिए व्यय पर्यवेक्षक नामित हो चुके हैं। व्यय निगरानी दल अभ्यर्थी द्वारा किए जा रहे सभी प्रकार के खर्चों का बारीकी से अवलोकन करना और उन्हें रजिस्टर में विधिवत अंकित करना सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए। किस टीम का क्या रोल है, इसपर पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आपसी तालमेल स्थापित कर निर्वाचन के दायित्वों का निर्वाहन करें। ताकि लोकसभा निर्वाचन में सभी प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे चुनावी खर्च पर नजर रखी जा सके।

### पीठासीन पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण: उपायुक्त

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के चौथे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में पीठासीन पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज निरीक्षण करने पहुंचीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की गयी

# मतदान केंद्रों पर सभी प्रकार की सुविधा बहाल होगी: उपायुक्त

**सुरक्षा के लिहाज से सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे: पुलिस अधीक्षक**



संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर 26.4.2024 को अधिसूचना जारी कर दी गई और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और 3 मई तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। इसे लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि 6 मई तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सभी तरह की सुविधा बहाल की जाएगी और गर्मी को देखते हुए सभी बूथों पर शेड की व्यवस्था के साथ-साथ सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं यथा पानी बिजली शौचालय रैंप इत्यादि उपलब्ध रहेगी। इस बार जिले में कई मतदान केंद्र थीम पर आधारित रहेंगे, जिसमें जिले के पर्यटन क्षेत्रो से जुड़ी जानकारियां मौजूद रहेगी। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के तहत अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही है और चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के दिव्यांगजन और वृद्ध जनों के लिए मतदान केंद्रों तक आने-जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन और मतगणना की प्रक्रिया गिरिडीह जिले में होगी। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जिलेवासियों से अपील की है कि 20 मई मतदान दिवस के दिन आगे आकर अपने मतदान केंद्र जायें और अपने मत का प्रयोग करें और इस लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनें। वहीं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा जिला बल के जवान मतदान केदो पर सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चुनाव के पूर्व संदिग्ध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## भाकपा माले को खटक रहा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिल रहा आरक्षण : रमेश सिंह



संवाददाता

**कोडरमा ।** वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि भाकपा माले को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिल रहा 10 प्रतिशत आरक्षण खटक रहा है। भाकपा माले अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान भी यह दावा कर रही है कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को मिल रहा 10 प्रतिशत आरक्षण समाप्त किया जाएगा। भाकपा माले के इस रुख से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और विशेषकर गरीब सवर्णों में जबरदस्त आक्रोश है और माले को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगो रमेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की पहल पर आजादी के बाद पहली बार अबतक किसी भी प्रकार के आरक्षण या संरक्षण से वंचित गरीब सवर्णों सहित आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना शुरू हुओ इस प्रावधान के बाद ही गरीब सवर्णों के बच्चों को अच्छे शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश मिल सका, सरकारी नौकरियों में भी इस प्रावधान का लाभ मिलो लेकिन भाकपा माले को यह पसंद नहीं आ रहा कि कुछ खास जातियों के गरीब अच्छे शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ें या उन्हें नौकरी मिले उन्होंने कहा कि भाकपा माले का गरीब विरोधी चेहरा उजागर हो गया है झारखण्ड की सामाजिक पृष्ठभूमि से परिचित लोगों को अच्छी तरह पता है कि यहाँ के ब्राह्मण, राजपूत, भूमिहार, कायस्थ आदि सवर्ण जातियों में भी गरीबों की अच्छी खासी तादाद है उन्हें भी संरक्षण और आरक्षण की जरुरत है ताकि वे भी विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सकें लेकिन भाकपा माले को यह मंजूर नहीं क्योंकि माले को सड़कों पर हाथ में लाल झंडा लेकर अराजकता फैलानेवाले युवाओं की जमात चाहिए और अगर आर्थिक रूप से कमजोर इन वर्गों को पढ़ाई की सहूलियतें और नौकरी मिल गयी तो उनका झंडा ढोनेवाले कंधे कम पद जायेंगे। रमेश सिंह ने कहा कि भाकपा माले एक तरफ वर्ग संघर्ष की बात करती है लेकिन ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर उसके स्टैंड ने साबित कर दिया कि वह भी जातिगत राजनीति के दलदल में गर्दन तक डूबी हुई है भाकपा माले भी कांग्रेस की तरह तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है तभी तो कर्णाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण में सेंधमारी कर मुसलामानों को धार्मिक आधार पर दिया गया।

## रायपुर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की 47 वीं वार्षिक बैठक में शामिल होंगे पूर्व सैनिक



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** आज अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की 47 वीं राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की बैठक रायपुर में आयोजित होने वाली है। वहीं झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिन्हा के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष कर्नल नीलांबर झा व राजेश पांडेय, महामंत्री सिद्धनाथ सिंह, कार्यसमिति सदस्य सार्जेंट राजेश कुमार, सैन्य मातृशक्ति महासचिव मंजुला व संयोजिका पूनम समेत परिषद के 6 सदस्यों की टोली 27 अप्रैल शनिवार को रायपुर के लिए रवाना हुई। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी करेंगे। साथ ही सैन्य मातृशक्ति का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्षा कौल करेंगी। इस वार्षिक सम्मेलन में पूरे देश के सभी राज्यों के प्रदेश पदाधिकारी के साथ साथ सैन्य सदस्य हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में संगठन के वार्षिक कार्यकलापों की समीक्षा की जाएगी। वहीं अगले एक वर्ष में आयोजित होने वाले वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की जाएगी। संगठन के प्रतिभाशाली बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने, वीर गौरव ग्राम योजना का मूल्यांकन, मोइरंग यात्रा समीक्षा व संगठन के वार्षिक बजट का अनुमोदन इस बैठक का मुख्य विषय रहेगा। इसके अलावा बदलते वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने में गौरव सेनानियों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा भी की जाएगी। इसमें शामिल होने वाले सभी पदाधिकारियों को परिषद के जिलाध्यक्ष हवालदार विनय यादव एवं महामंत्री जितेंद्र सिंह ने टाटानगर रेलवे स्टेशन पर पुष्पगुच्छ देकर विदाई भी दी। मौके पर हवलदार अवधेश कुमार, एमडब्ल्यूओ एसके सिंह, मनोज कुमार, रामनवमी सिंह, जय प्रकाश समेत अन्य भी मौजूद थे। इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े सभी साथी ने मिलकर संगठन की गरिमा और सम्मान को यश और कीर्ति के शिखर पर ले जाने का संकल्प भी लिया।

### जिला स्तरीय ओपन क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज के निदेर्शानुसार झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत जिला स्तरीय ओपन क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ओपन क्वीज प्रतियोगिता में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रशासक श्री हर्षवर्धन के द्वारा युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं से चुनाव से संबंधी प्रश्न किया गया, जिसका मतदाताओं ने उत्तर दिया। ने प्रश्न के सही जवाब दिये उन्हें स्वीप टोपी प्रदान किया गया। सभी मतदाताओं से 20 मई 2024 को निर्भीक होकर नैतिक मतदान करने की अपील किया गया। इसके अतिरिक्त स्वीप के तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गए।

### एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल इंस्टीट्यूट में चला मतदान जागरूकता अभियान



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी 25 मई को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। इसी कड़ी में शनिवार गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल इंस्टिट्यूट में शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं संस्थान से जुड़े हर सदस्य को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अभियान का आयोजन प्राचार्य प्रीता जॉन एवं उप प्राचार्य रमेश राय के नेतृत्व में किया गया। साथ ही मतदान के लिए आयोजित जागरूकता अभियान में सर्वप्रथम प्राचार्य एवं उप प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों से 25 मई के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि एक सफल प्रजातंत्र के लिए हर एक वोट जरूरी है। इसलिए इस दिन अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। इसी तरह अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने का सततः प्रयास करें। वहीं मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम निबंधन जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने प्रतिनिधि को चुन सकते हैं और जो हमारे हक में नीति या कल्याणकारी योजनाएं संचालित करने में सरकार को भी सहूलियत प्रदान करती है। वहीं जिन विद्यार्थियों का अभी तक वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है, वे फॉर्म 6 (ए) भरकर अपना आईडी कार्ड बनवा सकते हैं। इस अवसर पर एन शिवा प्रसाद द्वारा भी मतदान से संबंधित स्वीप की पूरी जानकारी छात्रों से साझा की गई। मौके पर दीपक सरकार, वरुण कुमार, नकुल कुमार, मंजुला, प्रीति आचार्य, पंकज कुमार गुप्ता, हरेश मंजर समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर

# विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन



संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के अलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में आज को चेक बाउंस एवं विद्युत विभाग के मामलों से सम्बंधित विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया । इस मौके पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुलाम हैदर ने कहा कि झालसा के निर्देश पर चेक बाउंस एवं विद्युत विभाग के मामलों से सम्बंधित विशेष लोक अदालत मामलों के त्वरित निष्पादन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा ... उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है । लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है । कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है । लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती । लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है । उन्होने कहा कि लोक अदालत में बढ़ रही भीड़ इस बात का परिचायक है कि लोक अदालत आम लोगों के बीच कितना लोकप्रिय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में जहाँ एक ओर लोगों के समय और पैसे की बचत होती है वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। इस लोक अदालत में कुल चार बेंचों का गठन किया गया । बेंच संख्या एक में जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह व अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या दो में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, बेंच संख्या तीन में अवर न्यायाधीश तृतीय प्रज्ञा बाजपेयी व अधिवक्ता सुमन जैसवाल एवं बेंच संख्या चार में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष आर. के. तिवारी, सदस्य बालेश्वर राम एवं ममता सिंह एवं ने मामले की सुनवाई की ।

**लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है**

## साफ सफाई की स्थिति बेहतर नहीं हुई तो कचरा जमशेदपुर अक्षेस के द्वार पर डालेंगे : सरयू राय



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** शनिवार बस्ती वासियों की शिकायत पर विधायक सरयू राय ने लक्ष्मीनगर, झगरूबगान, बजरंगी बगान आदि क्षेत्रों का जायजा लेते हुए वहां की साफ सफाई की स्थिति को भी देखा। इस दौरान उन्होंने पाया कि नालियां गंदगी से भरी हुई हैं और कई स्थलों पर कचरों का अंबार लगा हुआ है।

वहीं बस्ती वासियों ने बताया कि सफाई कर्मी नियमित सफाई के लिए नहीं आते हैं। साथ ही कहा कि जमशेदपुर अक्षेस द्वारा घोषित कर्मियों की संख्या 48 है। जबकि 10 कर्मी ही क्षेत्र में साफ सफाई करने आते हैं।

जमशेदपुर अक्षेस के सफाई ठेकेदार लापरवाही बरतते हैं। जिसपर सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से दूरभाष पर बात कर सफाई पर लापारवाही नहीं बरतने का निर्देश भी दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर क्षेत्र में साफ सफाई की स्थिति बेहतर नहीं होती है तो क्षेत्र के कचरों को इकट्ठा कर जमशेदपुर अक्षेस के मुख्य द्वार पर डाल दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की साफ सफाई को बेहतर करने के लिए अब प्रतिदिन सुबह सुबह विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई का जायजा लिया जाएगा। वहीं उन्होंने क्षेत्र वासियों से भी आह्वान किया कि जहां भी साफ सफाई की समस्या दिखे तो इसकी सूचना विधायक कार्यालय को दें। इसपर कारवाई भी की जाएगी। किसी भी कीमत पर साफ सफाई में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

# गुजरात टाइटंस का आरसीबी से मुकाबला आज

**अहमदाबाद। एजेंसी**

आईपीएल में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। गुजरात को जहां पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आरसीबी ने अपने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर अपनी लय हासिल करने का प्रयास किया है। अंक तालिका की बात करें तो गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। वहीं आरसीबी चार अंकों के साथ ही सबसे नीचे दसवें नंबर पर है। गुजरात जायंट्स को अगर इस मैच में जी दर्ज करनी है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर अंकुश लगाना होगा। विराट ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं। इसके साथ ही उसे आरसीबी के मध्यक्रम को भी रन बनाने से रोकना होगा। गुजरात की टीम का अगर प्लेऑफ के लिए संभावनाएं रखनी हैं तो उसे हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।



● गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रही

गुजरात के तेज गेंदबाजों को सुधार की जरुरत है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। उसके गेंदबाजों मोहित शर्मा, उमेश यादव, संदीप वारियर ने अब तक काफी रन दिये हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे अन्य तेज गेंदबाज भी विफल रहे हैं। उनके स्पिनर राशिद खान, आर साई किशोर और नूर अहमद भी अब तक उम्मीद के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, राशिद ने हालांकि निचले क्रम पर फिनिशर की अच्छी जिम्मेदारी निभाई है। उसके गेंदबाजों को आरसीबी के मध्यक्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन से सावधान रहना होगा। रजत भी पिछले कुछ मैचों से लय में आ गये हैं। वह स्पिनरों के खिलाफ बेहद आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में स्पिनरों पर हमला करते हुए अर्धशतक लगाये हैं। वहीं ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा निचले क्रम में आरसीबी के पास दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर जैसे बल्लेबाज हैं। विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी ने सभी मैचों में टीम को अच्छी शुरूआत दिलायी है।

गेंदबाजी की बात करें तो आरसीबी इसमें कमजोर रही है। उसके मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल के अलावा कैमरन ग्रीन ने अब तक निराशा किया है। स्पिनरों की बात करें तो लेग स्पिनर कर्ण शर्मा भी साधारण रहे हैं। दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रही है। इनके अलावा डेविड मिलर , विजय शंकर और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी भी उसके पास हैं पर ये सभी अब तक टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचा पाये हैं। इस प्रकार देखा जाये तो ये मुकाबला बराबरी का रहेगा।

**दोनो की टीमें इस प्रकार हैं :-**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार वैश्यक। आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटन्सः** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकांडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बी आर शरथ।

## एक नजर

### स्क्वैशः पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे वेलवन सेंथिलकुमार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चल रहे 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट बैच ओपन स्क्वैश के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सेंथिलकुमार ने शुक्रवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को सीधे गेम में शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीय सेंथिलकुमार ने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 3-0 (11-5, 11-6, 11-2) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला हांगकांग के एंडीज लिंग से होगा। हालांकि, अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन में चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे को क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा ने 29 मिनट तक चले मैच में 7-11, 7-11, 8-11 से हराया।

### उबेर कपः अश्मिता, प्रिया-श्रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई

चेंगदू। भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया। इसके बाद प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है। महिला टीम अब अपने अगले मुकाबले में 28 अप्रैल को सिंगापुर और 30 अप्रैल को चीन से भिड़ेगी। इस साल की शुरूआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया। उबेर कप के लिए भारतीय महिला बैडमिंटन टीमः (एकल) अनमोल खरब, तन्वी शर्मा, अश्मिता चालिहा और इशरानी बरुआ। युगल टीम- श्रुति मिश्रा, प्रिया कोन्जेंगबाम, सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर।

### पीजीडीएवी ने जाकिर हुसैन कॉलेज को 233 रनों से रौंदा



**नई दिल्ली।** श्रेष्ठ यादव के तूफानी शतक की बदौलत पीजीडीएवी (प्रातः) कॉलेज ने द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूनामेंट में शनिवार को जाकिर हुसैन कॉलेज को 233 रनों से रौंद दिया। इस मैच में जाकिर हुसैन कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पीजीडीएवी ने 2 विकेट के नुकसान पर 272 रन का विशाल स्कोर बनाया। उनकी तरफ से श्रेष्ठ यादव ने सिर्फ 70 गेंदों में तूफानी 172 रन की पारी खेली। जवाब में जाकिर हुसैन कॉलेज की टीम 7.2 ओवर में 39 रन पर ऑल आउट हो गई। गौरव मेहरा ने 7 रन देकर 3 विकेट लिए। पीजीडीएवी कॉलेज के श्रेष्ठ यादव को प्रमोद सेठी, कुलवीर गहलोत और विपिन त्यागी ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## ग्रीस ने पेरिस 2024 खेलों के आयोजकों को सौंपी ओलंपिक मशाल



**एथेंस। एजेंसी**

ग्रीस ने शुक्रवार को एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में आयोजित एक प्रतीकात्मक समारोह के दौरान आधिकारिक तौर पर पेरिस 2024 आयोजन समिति के एक प्रतिनिधिमंडल को ओलंपिक मशाल सौंपी। यह वही स्थान है, जहां आधुनिक ओलंपिक पहली बार 1896 में खेले गए थे। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक इस वर्ष 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में आयोजित किया जाएगा। पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्तांगुएट ने एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में ओलंपिक मशाल प्राप्त की। इसी के साथ ग्रीस में 11 दिवसीय ओलंपिक रिले का कार्यक्रम समाप्त हो गया। अब ओलंपिक मशाल फ्रांस जाएगी, जहां रिले का आयोजन 8 मई से किया जाएगा।

इस दौरान, हेलेनिक ओलंपिक समिति के अध्यक्ष स्पाइरोस कैप्रालोस ने एक मार्मिक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय रिले के दौरान मशाल के गर्मजोशी से स्वागत के लिए अपने साथी नागरिकों को धन्यवाद दिया और फ्रांस के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। ओलंपिक की आधिकारिक वेबसाइट ने कैप्रालोस के हवाले से कहा भीड़ भरे पैनाथेनिक स्टेडियम में, आशा और गर्व की एक अनोखी यात्रा, जिसने पूरे ग्रीस को एक छोर से दूसरे छोर तक रोशन कर दिया है, समाप्त हो गई है।

## एफआईबीए केंद्रीय बोर्ड को पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर मिली रिपोर्ट

मिज। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) के केंद्रीय बोर्ड को पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर रिपोर्ट मिल गई है। विश्व बास्केटबॉल शासी निकाय ने शुक्रवार को यहां घोषणा की। सेंट्रल बोर्ड की बैठक गुरुवार को एफआईबीए के मुख्यालय, पैट्रिक बॉमन हाउस ऑफ बास्केटबॉल में आयोजित की गई। बैठक में पुरुषों और महिलाओं की बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं, महिला ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट और 3x3 यूनिवर्सलिटी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। पुरुषों के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट और अगले साल के कॉन्टिनेंटल कप की तैयारी जारी है, और महिला बास्केटबॉल विश्व कप 2026 प्री-क्वालीफाइंग टूनार्मेंट का ड्रा गुरुवार को यहां आयोजित किया गया था।

प्री-क्वालीफाइंग टूनार्मेंट 19 से 25 अगस्त, 2024 के बीच मैक्सिको और रवांडा में आयोजित किया जाएगा। टूनार्मेंट में हिस्सा ले रही 16 टीमों को चार-चार टीमों के चार समूहों में विभाजित किया गया है। केंद्रीय बोर्ड ने आधिकारिक बास्केटबॉल नियमों में किए जाने वाले संशोधनों को हरी झंडी दे दी, जो 1 अक्टूबर, 2024 से प्रभावी होंगे, जिसमें त्रुटियों में सुधार और मुख्य कोच की चुनौती को वापस लेना भी शामिल है। दिसंबर 2024 में अगली केंद्रीय बोर्ड बैठक तक रूस और बेलारूस के दो राष्ट्रीय संघों की वर्तमान स्थिति को भी बढ़ा दिया।



## ज्योति ने व्यक्तिगत खिताब जीता, तीन स्वर्ण जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं



● भारत ने तीरंदाजी विश्व कप कंपाउंड वर्ग में 4 स्वर्ण और 1 रजत जीता

**शंघाई। एजेंसी**

ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप में मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को 146(9*)-146(9) से हराकर महिला व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में यह उनका तीसरा और भारत का चौथा स्वर्ण पदक है। वह दीपिका कुमारी के बाद एक ही विश्व कप चरण में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय तीरंदाज बन गईं। इससे पहले उन्होंने कंपाउंड मिश्रित और महिला कंपाउंड टीम में स्वर्ण पदक जीते थे। वैश्विक स्तर पर बात करें तो ज्योति सारा लोपेज (एस2, 2016) और सारा सोनिचसेन (एस2, 2017) के बाद एक ही सीजन में तीन पदक जीतने वाली तीसरी कंपाउंड महिला तीरंदाज बन गई हैं। ज्योति ने त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी अपना टिकट कटा लिया है। हालांकि पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड में प्रियांश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तीरंदाज फाइनल में प्रियांश को ऑस्ट्रिया के निको वीनर से 147-150 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने पांच पदक (4 स्वर्ण और 1रजत) के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

## 261 रनों के विशाल स्कोर का बचाव नहीं कर पाना दुःखद हैः श्रेयस अय्यर

**कोलकाता। एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाफ 261 रनों के विशाल स्कोर का बचाव नहीं कर पाना दुखद है, लेकिन यह हार खिलाड़ियों के लिए उनके आगामी इंडियन प्रीमियर लीग मैचों में एक बड़ी सीख होगी। केकेआर और पीबीकेएस के बीच मैच ने कई रिकॉर्ड तोड़े, जिसमें पंजाब ने 8 गेंद शेष रहते हुए टी20 इतिहास के सबसे बड़ा 261 रनों के पार करने में सफलता हासिल की। अय्यर ने अपने सलामी बल्लेबाजों फिलिप साल्ट और सुनील नरेन की प्रशंसा की जिन्होंने उन्हें 20 ओवरों में 6 विकेट पर 261 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा करने में मदद की, उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों ने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह जबरदस्त थी। नरेन और साल्ट के बीच 138 रन की साझेदारी आईपीएल में केकेआर के लिए 8वीं 100 से अधिक की ओपनिंग साझेदारी थी।

## तीरंदाजीः टीम इंडिया ने कंपाउंड डिवीजन में लगाई स्वर्ण पदक की हैट्रिक

**शंघाई। एजेंसी**

भारत ने शनिवार को शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में मजबूत शुरूआत करते हुए कंपाउंड वर्ग में तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। भारतीय पुरुष, महिला और मिश्रित टीम ने देश को गौरवान्वित किया। सबसे पहले, ज्योति सुरेखा, अदिति गोस्वामी और परनीत की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने कड़े मुकाबले में इटली को 236-226 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मीडिया ने शनिवार को ट्वीट किया, बुल्स-आई ज्योति, अदिति और परनीत की महिला कंपाउंड टीम ने तीरंदाजी विश्व कप - चरण 1 में इटली को 236-226 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। बधाई हो, टीम।



भारत को कंपाउंड डिवीजन में अपना दूसरा पदक तब मिला जब अभिषेक वर्मा, प्रथमेश फुगे और प्रियांश की पुरुष टीम ने एक और कड़े स्वर्ण पदक मैच में नीदरलैंड को 238-231 से हराया। साई मीडिया ने ट्वीट किया, कंपाउंड डिवीजन में दूसरा स्वर्ण, अभिषेक, प्रथमेश और प्रियांश की पुरुष कंपाउंड टीम ने नीदरलैंड को 238-231 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय तीरंदाजों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन, कंपाउंड डिवीजन में अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा की मिश्रित टीम ने देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। रोमांचक स्वर्ण पदक मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने एस्टोनिया को एक अंक (158-157) से हराया। साई मीडिया ने ट्वीट किया, ₹टीम इंडिया के लिए तीसरा स्वर्ण पदक। तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की कंपाउंड मिश्रित टीम ने एस्टोनिया को 158-157 से हराकर देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। शंघाई में दबदबा। तीरंदाजी विश्व कप का पहला चरण 23 से 28 अप्रैल तक शंघाई में आयोजित किया जाएगा जबकि दक्षिण कोरिया 21 से 26 मई तक दूसरे चरण की मेजबानी करेगा।

# वाणिज्य

## केंद्र ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की दी अनुमति

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्र सरकार ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात करने की अनुमति दी है। इन छह देशों में बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका हैं। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज का निर्यात करने की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड प्याज का निर्यात करेगी। इसके साथ ही भारत सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है। मंत्रालय के मुताबिक देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते महाराष्ट्र एनसीईएल द्वारा निर्यात के लिए खरीदे गए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है केंद्र सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत रबी सीजन-2024 में प्याज के बफर स्टॉक के लिए खरीद का लक्ष्य इस वर्ष 5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है। पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों के कम होने के अनुमान और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने की पृष्ठभूमि में पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।



### कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड का मूल्य 0.49 डॉलर यानी 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 89.50 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की उछाल के साथ 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## टीएचडीसी और एसजेवीएन ने हाई-पर फॉर्मेंस अकादमी के विकास के एमओयू पर किए हस्ताक्षर

● उत्तराखंड में दो राष्ट्रीय स्तर के वाटर स्पोर्ट्स के सफल आयोजनों से मिलता है

**ऋषिकेश। एजेंसी**

भारत में वाटर स्पोर्ट्स के विकास में क्रांति लाने के उद्देश्य से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और एसजेवीएन फाउंडेशन ने एक विशेष समारोह में टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स, उत्तराखंड में टीएच डीसीआईएल हाई-परफॉर्मेंस अकादमी की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आरके विश्नोई ने इस ऐतिहासिक कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एमओयू इंगित करता है कि हाइड्रो परियोजनाएं न केवल देश को 247 किफायती विद्युत उपलब्ध करवा सकती हैं, बल्कि विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए देश में खेल की शक्ति को भी बढ़ावा दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि हाइड्रो परियोजनाओं में न केवल ऊर्जा के दोहन में नए मानक स्थापित करने की क्षमता है अपितु बुनियादी ढांचे के निर्माण और क्षेत्र की उभरती एथलेटिक प्रतिभाओं को निखारने के लिए मंच प्रदान करने और वाटर स्पोर्ट्स को अगले क्षितिज पर ले जाने में भी मदद प्रदान कर सकती हैं, जिससे भारत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल परिदृश्य पर भी गौरवान्वित किया जा सकता है।



विश्नोई ने कहा कि इस दूरदर्शी पहल के मूल में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की समग्र राष्ट्रीय विकास के प्रयासों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता निहित है, जिसका उदाहरण वर्ष 2022 और 2023 में टिहरी, उत्तराखंड में दो राष्ट्रीय स्तर के वाटर स्पोर्ट्स के सफल आयोजनों से मिलता है। यह पहल वाटर स्पोर्ट्स की कयाकिंग और कैनोइंग स्ट्रीम्स के लिए प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक सहयोगात्मक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, ताकि हमारे युवाओं को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया जा सके।

महाप्रबंधक अवधेश प्रसाद और महाप्रबंधक अमरदीप ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीता कपूर, एसजेवीएन एवं निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड शैलेन्द्र सिंह, और एसजेवीएन और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एसजेवीएन कार्यालय, दिल्ली में इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### मई महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली। मई महीने की शुरूआत छुट्टियों के साथ होगी। इस महीने में बैंकों में 14 दिनों के अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर कुल 8 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा मई में 4 रविवार और 2 शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, इस दौरान बैंकों की ऑनलाइन और एटीएम सर्विस चालू रहेगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से छुट्टियों की जारी कैलेंडर के मुताबिक मई में कुल 14 दिन बैंकों में अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। इसमें चार रविवार और 2 दिन शनिवार की साप्ताहिक छुट्टी शामिल है। इसके अलावा अन्य छह दिन क्षेत्रवार उत्सवों, लोकसभा चुनाव और राष्ट्रीय त्योहार के कारण बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग के दौर में आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेन-देन कर सकते हैं।

एक नजर

## झोपड़ी हनुमान मंदिर का वार्षिक उत्सव पर भंडारे का आयोजन



**गिद्दी।** अरगडा झोपड़ी हनुमान मंदिर का प्रथम वर्षगांठ ग्रामीणों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर झोपड़ी सहित आसपास के श्रद्धालुगण झोपड़ी हनुमान जी के मंदिर पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। पुजारी द्वारा पूजा अर्चना पुरे विधि विधान के साथ कराया गया। इसके बाद हनुमान जी की आरती की गई । संध्या पांच बजे से भव्य भंडारे का कार्यक्रम शुरू हुआ और रात्रि 10 बजे तक झोपड़ी गांव सहित आस पास गांव के भक्तजन पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में झोपड़ी बस्ती के लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला के दो विधानसभा क्षेत्र के 927234 मतदाता करेंगे मतदान

**रामगढ़।** रामगढ़ निर्वाचन विभाग के द्वारा जारी आंकड़ा के अनुसार रामगढ़ जिला के दो विधानसभा रामगढ़ एवं बड़कागांव के स्त्री एवं पुरुष, 18 एवं 19 वर्ष के नौजवान एवं युवती, 20 वर्ष से 29 वर्ष के नौजवान एवं युवती हजारीबाग लोकसभा के होने वाले आगामी 20 में के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रामगढ़ विधानसभा में 181 426 पुरुष मतदाता, 174174 महिला मतदाता, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 198951 पुरुष मतदाता एवं 177118 स्त्री मतदाता, कुल 741681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## हुवाग आदि के मतदान केंद्रों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड के मतदान केंद्रों का प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी द्वारा निरीक्षण किया गया। इस क्रम में हुवाग, गिद्दी सी आदि के विद्यालयों में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 64 से 77 न. का निरीक्षण कर विद्यामान मुलभुत समस्याओं कि जांच कि गई। बीडीओ एस के मुखर्जी ने बताया कि जिस मतदान केंद्रों पर मुलभुत समस्याओं में कमी देखी गई। इस मौके पर अजित कुमार तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक व अन्य कर्मी मौजूद थे।

## बीडीओ ने सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर के साथ की बैठक

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुशांत कुमार मुखर्जी की अध्यक्षता में सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, वॉलेनटियर्स और कम्युनिकेशन प्लेन के सदस्यों के साथ उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीएलओ ,बीएलओ सुपरवाइजर, अजित कुमार तिवारी, देवेन्द्र कुमार, मनबोध कुमार महतो, प्रभु नारायण सिंह, सभी पंचायत सचिव के सभी वालंटियर्स और कम्युनिकेशन योजना के सदस्य उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक

**हजारीबाग।** बैठक में जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, बरही विधायक अकेला यादव, अदीब रिजवी, जयशंकर पाठक, आरसी मेहता, प्रकाश यादव आदि गणमान्य लोग के साथ सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में सभी प्रमुख समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया और पार्टी की अगली कार्रवाई की योजना बनाई गई। बैठक में उज्जवल भविष्य के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया गया और पार्टी नेताओं ने एकमत से इस संकल्प का समर्थन किया। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने बैठक में कहा कि जनमतस्तर पर विश्वास स्थापित करने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अमरेन्द्र कुमार को हटाया जाए : महेंद्र महतो



**पतरातू ।** रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग के महेंद्र कुमार महतो ने उपायुक्त रामगढ़ को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि आपके द्वारा ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तत्कालीन प्रभारी सुनील कुमार सिंह द्वारा डीएमएफटी योजना में 70 करोड रुपए के किए गए भ्रष्टाचार की जांच के लिए उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित की गई चार सदस्य समिति का गठन किया गया है। जिसमें एक सदस्य वर्तमान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अमरेन्द्र कुमार भी सदस्य हैं। लेकिन अमरेन्द्र कुमार ने भी सुनील कुमार सिंह के राह पर चलते हुए निविदा निस्तार अपने विभागीय मुख्य अभियंता से ना कराकर रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार रांची के मुख्य अभियंता से निविदा निस्तार किया है। जो ग्रामीण कार्य विभाग के संयुक्त सचिव झारखंड सरकार के पत्रांक 6 (विविध) 126/ 2022 ग्रामीण कार्य 655 दिनांक 28 /02/ 2023 के आदेश का उल्लंघन किया है।

प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक ने व्यय कोषांग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है चुनाव अवधि के दौरान : डीसी

**अभ्यर्थीयों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश**



संवाददाता

**हजारीबाग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक ने 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस), तंगीराला मुरलीधर (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एआरओ संतोष कुमार सिंह मौजुद थे। 27 अप्रैल (शनिवार) को समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा साथ ही अभ्यर्थीयों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है। व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे।

सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे।व्यय नोडल पदाधिकारी व उत्पाद विभाग के सभी नोडल पदाधिकारी को संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आपसी समन्वय के साथ कार्यों का निष्पादन करने के साथ साथ निर्वाचन कार्यों का सफलता पूर्वक संचालन करने की बात कही।

## एसएसवीएम विद्यालय में दादा-दादी नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन

संवाददाता



**पतरातू ।** थर्मल स्थित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में शनिवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव सूरज प्रसाद, अध्यक्ष मनोज साहू, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक एवं अभिभावकों में चंद्रमा सिंह एवं राम भवन शर्मा द्वारा मां सरस्वती, ओम् व भारत माता के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्र छात्राओं ने उपस्थित अभिभावकों के सम्मान में एक से बढ़कर एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया। सचिव सूरज प्रसाद ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि समय के साथ परिवार छोटे होते जा रहे है और जो कभी घर के नीव हुआ करते थे, वे आज अकेले होते जा रहे है। बच्चों मे असली संस्कार तो दादा-दादी अथवा नाना-नानी ही भरते है। वहीं प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित प्रत्येक विद्यालय में यह कार्यक्रम किया जाता है। परिवार में जो महत्व बच्चों का होता है वही महत्व दादा-दादी अथवा नाना-नानी का होता है। दोनों एक दूसरे के पूरक एवं सच्चे साथी हैं। परिवार छोटे होने के कारण ही बच्चों के संस्कार में कमी होती जा रही है। जिन परिवारों में बड़े बुजुर्ग होते हैं उन परिवारों के बच्चों में अलग ही संस्कार होते है। विद्या भारती परिवार के संस्कार केंद्र अर्थात दादा-दादी एवं नाना-नानी को सम्मानित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। कार्यक्रम में आए हुए उपस्थित सभी अभिभावकों को अंगवस्त्र और हनुमान चालिसा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव सूरज प्रसाद, अध्यक्ष मनोज साहू, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक एवं समस्त आचार्य उपस्थित थे।

## निष्पक्ष स्वतंत्र एवं भयमुक्त चुनाव को लेकर कानून के दायरे में अपराधियों की तोड़ रहे कमर

- **डीसी सुन रहे न्यायालय में जिला पधार एवं थाना में हाजिरी लगाने का आदेश तो 15 20 साल से भागा हुआ वारंटी को पकड़ रहा है एसपी की टीम**
- **एसपी की टीम अपराधियों को नेस्टनाबूद करने के लिए संकल्पित**



संवाददाता

**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार निष्पक्ष स्वतंत्र एवं भयमुक्त चुनाव कराने को लेकर पूरी टीम संकल्पित है और उनके साथ दे रहे अपनी टीम के साथ रामगढ़ के नए तेज तर्रार पुलिस आरक्षी अधीक्षक डॉ विमल कुमार। रामगढ़ जिला के चौक चौराहा पर एवं गांव कसबों में डीसी एवं एसपी की जोड़ी की दोनों के कार्यों को लेकर प्रशंसा की जा रही है। चर्चा इस बात को लेकर हो रही है कि विगत 20 दिनों से दोनों की जोड़ी गोपनीय ढंग से निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने को लेकर कानून के दायरे में अपराधियों की कमर तोड़ना शुरू कर दिए हैं। एक और जहां डीसी चंदन कुमार अपने न्यायालय के द्वारा कुख्यात अपराधियों को जिला बदर एवं थाना में हाजिरी लगाने प्रत्येक दिन का आदेश सुना रहे हैं, वही कड़क आरक्षी अधीक्षक डॉ विमल कुमार अपनी टीम के साथ गोपनीय ढंग से 15 20 साल पुराने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजना शुरू कर दिए हैं। अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के खिलाफ भी छापामारी अभियान जारी है और पुलिस टीम को कामयाबी भी मिलते जा रही है। अपराध पर नियंत्रण और निष्पक्ष एवं भय मुक्त चुनाव तभी संभव होता है जब प्रशासन एवं पुलिस की टीम तालमेल बनाकर अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाना शुरू करते हैं। इससे जनता के बीच एक संदेश यह जाता है कि मतदान में जो गड़बड़ियां होने की संभावना अपराधियों के द्वारा की जाती है उसे पर विराम लगता है और मतदाता भी घर से बाहर निकाल कर मतदान करते हैं।

## डी ए वी स्कूल के छात्रा स्तुति रानी ने जे ई ई मेन्स में 99.2 प्रसेंटाइल लाया

**साथ तीन अन्य अर्पिता ,प्रियांशु और कृति ने भी सफलता प्राप्त की**



संवाददाता

**पतरातू।** डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातु की 12 की छात्रा स्तुति रानी ने जे ई ई मेन्स परीक्षा 2024 में 99.2 प्रेसेंटाईल प्राप्त कर स्कूल समेत पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया। साथ ही अर्पिता कुमारी, प्रियांशु शर्मा और कृति कुमारी ने भी सफलता प्राप्त किया । स्तुति ने बताया कि पतरातु डी ए वी पब्लिक स्कूल में शिक्षा का बहुत ही सुंदर माहौल है। यहां के शिक्षक काफी अच्छे हैं।इस स्कूल के शिक्षकों का सहयोग हमेशा रहा । इसके लिए मैने प्रत्येक दिन 7 घंटे लगातार पढ़ाई की जिसका मुझे काफी अच्छा रिजल्ट रहा एल । मैं अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत ,अपने माता पिता के आशीर्वाद तथा स्कूल के शिक्षकों के सहयोग को देती हूं। नए बच्चों के लिए कहना चाहती हूं की कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है ।सफलता का कोई शोर्ट कर्ट नही होता। पतरातु डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातु के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने स्तुति रानी की सफलता पर बधाई दी तथा उसके उज्वल भविष्य की कामना की । प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि यह पतरातु स्कूल के लिए दूसरी सफलता है ।पिछले साल 2023 में जे ई ई मेन्स में विभांस कुमार ने 99,97 प्रेसेंटाईल लाकर स्कूल का नाम रौशन किया था। इसके साथ ही अर्पिता कुमारी , प्रियांशु शर्मा ने और कृति कुमारी ने भी जे ईई में अच्छी सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया। इन सभी सफल विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## उपायुक्त एवं पुलिस अधिक्षक ने किया बरही प्रखंड का दौरा

**हजारीबाग ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बरही प्रखंड का दौरा कर विभिन्न बर्नरेबल बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ संख्या 285 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, केवाल एवं 344 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, श्रीनगर का निरिक्षण किया तथा मूलभूत सुविधाओं को ससमय क्रियाशील करने का निर्देश दिया। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रखंड पदाधिकारियों के साथ बिरहोर टोला बारियट्ठा का भी दौरा किया। उन्होंने बिरहोर समुदाय के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। बातचीत के क्रम में उन्होंने सभी से मतदाता पहचान के पत्र के उपलब्धता के बारे जानकारी ली तथा सभी योग्य मतदाताओं को 20 मई यानी मतदान दिवस के दिन वोट करने को प्रेरित किया। उन्होंने बिरहोर बच्चों को टॉफी भी दिया।

## जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया जा रहा सघन वाहन जांच अभियान



संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार की रात्री को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर०सी० बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं जांच के दौरान कुल 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई जिसमे कुल 254000 रुपया जुमार्ना वसूल किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स ने सभी वाहन चालकों से अपील किया की सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग जरूर करें ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को काम किया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से जांच के दौरान विक्की आनंद, पुलिस बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।

पूजा-पाठ

## संयुक्त तत्वावधान में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

संवाददाता



**जमशेदपुर ।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल सोनारी एवं श्री श्री श्याम भटली परिवार जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन सोनारी राजस्थान भवन में किया गया। जहां श्री हनुमानजी का दरबार भी सजाया गया। जिसमें यजमान मंजु-प्रदीप अग्रवाल और पायल-गगन रूस्तगी ने पूजा की और विपिन पंडित ने विधिवत रूप से पूजा कराकर सभी को रक्षा सूत्र भी बांधा। सबसे पहले भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट सेवा के लिए रानी गुप्ता एवं सुष्मिता सरकार को भायली महिला मण्डल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। सुन्दरकाण्ड पाठ का संगीतमय वाचन स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल मुन्ना एंड टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ सुन श्रोता भक्ति भाव से विभोर हो गए। साथ ही श्रद्धालु पूरे समय तालियां बजाकर सुंदरकांड की चौपाई दुहराते रहे। भजन गायक महावीर अग्रवाल ने गणेश वंदना गौरी नंदन थारो अभिनंदन से सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। उन्होंने जय जय पित्तर जी महाराज., राम सिया राम सिया राम राम., थारे झांझ नगाडा बाजै रे., हनुमान को खुश करना आसान होता है., लहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का आदि भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजनों से भावविभोर हुए भक्तों ने नृत्य भी किया। शनिवार की देर संध्या हनुमानजी की महाआरती भी की गई। जिसके बाद उपस्थित सैकड़ों भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कविता अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, मैना अग्रवाल, बिमला अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, ललीत डांगा, मनोज पलसानिया, नीलम नागेलिया, सीमा डंगबाजिया, लता अग्रवाल, झुमकी अग्रवाल, राधा अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, काजू अग्रवाल, प्रीति झाझरिया, राजश्री हरुपका, स्वाति अग्रवाल, भारती अग्रवाल समेत अन्य का महत्वपूर्ण योगदान भी रहा।

## उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी न्यायालय ने 2 कुख्यात अपराधियों को किया गया जिला बदर

संवाददाता



**रामगढ़।** छतर मांडू स्थितउपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत विधि व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रदीप पासवान (भुरकुंडा, पतरातू) एवं कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक(जयनगर, पतरातू) के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनो अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूवार्नुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9262578999